

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 18 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 15 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 14 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं,विज्ञान भी !

बुरे दौर से गुजर रहा है अनुपमा सीरियल ! ◀◀ 6







## गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को करेंगे भाजपा के परिवर्तन यात्रा की शुरूआत



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। कुछ दिन पहले ही पार्टी ने कार्यकताओं के साथ रायशुमारी की थी। रविवार को पीएम मोदी ने जमशेदपुर के गोपाल मैदान से चुनावी बिगुल फूंका था। शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेंगे। जो कि 3 अक्तूबर तक चलेगा। यह यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरती हुई लगभग 5400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह यात्रा गुजरेगी। कार्यक्रम में पार्टी के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे।

**नितिन गडकरी 22 सितंबर को आएंगे झारखंड :** केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी जहां 22 सितंबर को झारखंड आने वाले हैं तो वहीं, स्मृति ईरानी 23 सितंबर को, 28 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आने वाले हैं। योगी आदित्यनाथ जहां 21, 22, 24, 26 और 30 सितंबर को दौरा हैं। तो वहीं, 24सितंबर को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का खूंटी और विष्णुदेव साय का सिमडेगा में सभा है।

### भाजपा के कौन कौन से नेता परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे

**परिवर्तन** यात्रा में केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ओडिश के सीएम मोहन चरण माझी समेत कई नेता शामिल होने वाले हैं।

# बारिश से तीसरी बार बहा मुरगु पुल का डायवर्सन , एनएच 39 पर यातायात ठप

मेट्रो रेज

**मांडर :** रांची डाल्टनगंज मार्ग एनएच 39 में स्थित मुरगु पुल और उससे जुड़ी सड़क की दुर्दशा ने स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करने पर मजबूर कर दिया है। यह पुल और लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क पिछले चार सालों से निर्माणाधीन है, लेकिन अब तक इसका काम पूरा नहीं हो पाया है। हैरानी की बात यह है कि इस धीमी गति से हो रहे कार्य के बावजूद, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा भारी भरकम टोल टैक्स वसूला जा रहा है।

स्थिति और भी गंभीर तब हो गई पिछले 3 दिनों में हुई बारिश के कारण मुरगु पुल पर अस्थायी रूप से बना डायवर्सन मंगलवार की सुबह तीसरी बार बह गया। इसके चलते रांची से डाल्टनगंज तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी द्वारा पहले ही यह निर्देश दिया जा चुका है कि खराब सड़कों पर टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। बावजूद इसके, मुर्गु पुल के मामले में न सिर्फ जनता से टोल टैक्स लिया जा रहा है, बल्कि ऐसी घटनाओं से घंटों तक सड़कें बाधित रहती हैं, जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोग इस मुद्दे पर नाराजगी जता रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि नितिन गडकरी जैसे ईमानदार नेता की छवि को भ्रष्ट सरकारी व्यवस्था धूमिल करने का प्रयास कर रही है। एक ओर जहां गडकरी ने पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने की कोशिश की है, वहीं झारखंड में पुल और सड़कों के निर्माण में हो रही देरी और लापरवाही जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है कि चार साल बीत जाने के बाद भी मुर्गु पुल और इसके साथ जुड़ी एक किलोमीटर की सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर कब तक उन्हें इस स्थिति का सामना करना पड़ेगा और कब सरकारी व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी निभाएगी? बारिश के कारण लगातार डायवर्सन के बह जाने से लोग और भी ज्यादा परेशान हैं, और अब झारखंड की जनता सरकार से त्वरित और ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रही है ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।




## महिलाओं के खिलाफ अपराध और चेन छिनतई की घटनाएं बढ़ी, यह चिंता का विषय : हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड के अलग अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराधों पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, नगर विकास विभाग के सचिव, महिला बाल विकास सचिव, रांची के डीसी, नगर निगम के नगर आयुक्त और रांची एसएसपी कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने महिलाओ की सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हुए मौखिक रूप से कहा कि रांची में महिलाओं के साथ चेन छिनतई और अपराध की घटनाएं बढ़ गयी हैं और इसपर रोक नहीं लग पा रही है, यह चिंता का विषय है।

**गृह सचिव ने अदालत को बताया, वह सभी स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक करेंगे :** इस पर गृह सचिव ने अदालत को बताया कि स्कूली बच्चे सुरक्षित अपने घर पहुंचे और उन्हें भय मुक्त वातावरण मिले, इसके लिए वह सभी स्कूलों के प्रबंधन के साथ बैठक करेंगे। राज्य सरकार की ओर से सुझाव पेश करने के लिए समय देने की मांग की गयी, जिसे स्वीकार करते हुए 30 सितंबर तक शपथ पत्र के माध्यम से सुझाव की जानकारी मांगी गयी। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि अपराधों पर रोकथाम के लिए जो हेल्प लाइन नंबर जारी किये गये हैं , उनका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए, ताकि जरुरत पड़ने पर लोग इसका इस्तेमाल कर सकें।हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

# टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू

**रांची :** टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन का परिचालन बुधवार से शुरू हो गया है। सोमवार सुबह से ही इसके लिए यात्रियों ने टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को रांची से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया था। ऐसे में अगर आप भी टाटा से पटना वंदे भारत ट्रेन से सफर करना चाहते हैं तो हम आपको आज इसके बारे पूरी डिटेल्स देने वाले हैं।

**टाटा से पटना के लिए क्या है समय :** रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह ट्रेन टाटानगर से सुबह 5:30 बजे खुलेगी, जो



चांडिल में 6 बजे, मुरी में 7:13 बजे, बोकारो में 8:08 बजे, गोमो में 8:53 बजे, पारसानाथ में सुबह 9:05 बजे, कोडरमा में 9:53 बजे, गया में 11:05 बजे रुकते हुए 12:45 बजे पटना जंक्शन पर पहुंचेगी।

**पटना से कब खुलेगी यह ट्रेन :** पटना से यह ट्रेन दोपहर 2:15 बजे खुलेगी, जो गया में 3:30 बजे, कोडरमा में 4:38 बजे, पारसनाथ में 5:43 बजे, गोमो में 5:48 बजे, बोकारो में 6:45 बजे, मुरी में 7:23 बजे, चांडिल में रात 8:53 बजे रुकते हुए रात 9:30 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

**कब-कब होगा परिचालन :** आठ कोच वाली इस ट्रेन में टाटानगर से पटना के बीच का चेयरकार का किराया 1505 रुपये और एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2570 रुपये है। झारखंड में यह कोडरमा, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशन, बोकारो स्टील सिटी, मुरी व चांडिल में रुकते हुए टाटानगर पहुंचेगी। जबकि बिहार में पटना और गया में इसका ठहराव होगा, जबकि सोमवार को छोड़ कर यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

## जम्मू-कश्मीर में सुबह 11 बजे तक 26.72 प्रतिशत हुआ मतदान

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 विधानसभा सीटों पर मतदान के पहले चार घंटों में 26.72 प्रतिशत मतदान हुआ है, भारत के चुनाव आयोग ने इसकी जानकारी दी। चुनाव आयोग के अनुसार, जम्मू की इंद्रवाल सीट पर अब तक सबसे अधिक 40.36 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसके बाद जम्मू की दादा पश्चिम सीट पर 35 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू और कश्मीर में 10 वर्षों में पहला विधानसभा चुनाव हो रहा है।

**जम्मू कश्मीर में पर कहां पर कितनी वोटिंग :** भारतीय चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले चरण लिए सुबह 11 बजे तक 26.72% मतदान हुआ, जिसमें अनंतनाग-25.55%, डोडा- 32.30%, किश्तवाड़-32.69%, कुलगाम-25.95%, पुलवामा-20.37%, रामबन-31.25% और शोपियां-25.96% वोटिंग हुई।

**पुलवामा एसपी ने क्या कहा? :** पुलवामा एसएसपी, पीडी नित्या ने कहा, पुलवामा जिले में मतदान जारी है और जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं। 245 मतदान केंद्र हैं। हमें अच्छे मतदान की उम्मीद है। उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# लैंड फॉर जॉब मामले में लालू, तेज प्रताप व राजद विधायक को समन जारी

## लालू-तेजस्वी भी कोर्ट में होंगे पेश

**पटना :** लैंड फॉर जॉब मामले में कोर्ट ने समन जारी किया है। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली की अदालत ने लालू यादव व तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपितों को समन जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पिछले महीने इस केस में आरोपितों के खिलाफ एक पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इसपर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट को संज्ञान में लेकर आरोपितों को समन भेजा है। वहीं पहली बार इस केस में तेजप्रताप यादव को भी समन जारी किया गया है।

**तेज-तेजस्वी व लालू समेत**



**अन्य को समन जारी :** बुधवार को दिल्ली की राउंज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी के द्वारा दायर किए गए पूरक आरोप पत्र को संज्ञान में लिया और तेजस्वी यादव और लालू यादव समेत 8 आरोपितों को समन भेजकर हाजिर होने का आदेश दिया है। इन आरोपितों को 7 अक्टूबर को अब कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष रखना होगा। अदालत ने जमीन के बदले नौकरी मामले के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ये समन जारी किया है। वहीं इस केस में पहली बार राजद सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव और राजद विधायक किरण देवी का नाम सामने आया है। इन दोनों को भी समन जारी किया गया है।

**राजद विधायक किरण देवी को भी भेजा समन :** दिल्ली की अदालत ने जिन लोगों को समन भेजा है उनमें तेजप्रताप यादव और राजद विधायक किरण देवी का भी नाम है। किरण देवी संदेश विधानसभा की विधायक हैं। ईडी ने बिहार स्थित उनके आवास में छापेमारी भी पूर्व में की है। वहीं अब कोर्ट का समन मिलने के बाद उन्हें अदालत में पेश होना होगा। तेजप्रताप यादव को भी कोर्ट के सामने पेश होना होगा।

**क्या है जमीन के बदले नौकरी मामला? :** गौरतलब है कि ईडी ने तेजस्वी व लालू समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ बीते 6 अगस्त को एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई की है। नौकरी के बदले जमीन मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी से जुड़े मामले में ईडी ने भी अलग से जांच की है। ईडी के अनुसार, यह मामला 2004 से 2009 तक का है जब रेल मंत्री लालू यादव रहे। आरोप है कि रेलवे में गलत तरीके से बहाली की गयी और इसके एवज में लालू यादव व उनके परिजनों को उपहार के रूप में जमीन दी गयी। ईडी ने इसी मामले में लालू यादव व तेजस्वी यादव से पटना स्थित कार्यालय में पूछताछ की थी।

न्यूज ब्रीफ



## अत्यधिक पानी के बहाव से बीचों बीच टूटा डाईवर्सन सड़क

**मुरी :** सिल्ली -पिस्का ग्रामीण क्षेत्र में बने डाईवर्सन रोड पानी के अत्यधिक बहाव से टुट गया जिससे उस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण लोगों को सिल्ली बजार पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जब जब पानी के बहाव से सड़क कटता था तो ग्रामीण इसकी सूचना भी दे रहे थे पर समय रहते किसी ने ध्यान नहीं दिया।अब लोगों को काफी लम्बा रास्ता चल कर सिल्ली पहुंचना पड रहा है। इसमें जारू, पिस्का,खेरडीह,मेदनी ,धोवाटीकरा के ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

## गावां में बारिश का कहर, पेड़ गिरने से मकान धराशायी, बचे लोग

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला जारी रहा। तेज हवा से पेड़ व बिजली के पोल गिरने से शहरी क्षेत्र में बिजली गुल रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रो में भी बत्ती गुल रही। गावां थाना क्षेत्र के सेरुआ पंचायत के डाबर गांव में सोमवार की सुबह जयदेव सिंह के कच्चे मकान पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे मकान धराशायी हो गया। घर के लोग बाल-बाल बच गए। परिवार अब खुले आसमान के नीचे आ गया है। घटना के समय परिवार के लोग घर के बगल में बैठे थे। तभी जोरदार आवाज के साथ घर के आगे स्थित पेड़ घर पर जा गिरा। भुक्तभोगी जयदेव सिंह की पत्नी टुन्नी देवी ने बीडीओ से मुअवाजा व सरकारी योजना का आवास दिलाने की मांग की है।

## राष्ट्र निर्माण के लिए बृहद रूप में वृक्षारोपण जरूरी : अमित कुमार




**कोडरमा :** जैन तीर्थंकर भगवान शीतल नाथ जन्मस्थली एवं मां भद्रकाली परिसर इटखोरी में रोटरी क्लब कोडरमा ने किया फलदार पौधा रोपण एवं वितरण₹ बारिश की रिमझिम फुहार तेज हवा विपरीत मौसम में भी प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए रोटरी क्लब कोडरमा कृत संकल्पित है पर्यावरण की रक्षा के लिए रोटरी कोडरमा के सदस्यों ने आज डेढ़ सौ फलदार पौधे का वितरण एवं रोपण किया लोगों के बीच जैविक खाद्य का भी वितरण किया आम अमरूद और नींबू के पेड़ लगाए गए प्रकृति सेवा का यह कार्यक्रम अध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हुवा , इस मौके पर रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पूरे देश में बृहद रूप में वृक्षारोपण जरूरी है हम सभी जागरूक होकर ही ग्लोबल वार्मिंग को रोक सकते हैं देश की सेवा कर सकते हैं रोटरी की असिस्टेंट गवर्नर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संगीता शर्मा ने कहा कि रोटरी के सदस्य हमेशा राष्ट्रहित समाज हित का कार्य करते हैं वृक्ष हमारे पुत्र के समान है वृक्ष हमेशा देने का काम करते हैं हम सभी का कर्तव्य है इसे काटने से रोकै वृक्षारोपण करें और इसकी सुरक्षा करें तभी हम अपना भविष्य भी सुरक्षित रख सकते हैं वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन नवीन जैन ने कहा कि रोटरी कोडरमा समय-समय पर वृक्षारोपण एवं वितरण कर राष्ट्र निर्माण में हरियाली लाने का काम कर रही है समाज के बीच पर्यावरण की सुरक्षा एवं जागरूकता फैला कर ही प्रदूषण को रोका जा सकता है समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है, आज का यह फलदार पौधा रामेश्वर वैली स्कूल के सौजन्य से प्राप्त हुवा, रोटरी सचिव प्रवीण मोदी ने वृक्षारोपण में सहयोग प्रदान करने के लिए भगवान शीतल नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी की प्रशंसा की और कहा कि आने वाले दिनों में भी रोटरी कोडरमा पर्यावरण की सुरक्षा जरूरतमंदों की सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी निभाते रहेगी इस मौके पर रोटेरियन अंजना केडिया शिल्पी गुप्ता सुधा शर्मा रतन शर्मा पूर्व मुखिया सुनीता शर्मा समृद्धि सुरलिया महावीर कासलीवाल मनोज सिंह जनार्दन कुमार सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## घर के पास खेल रहा था तीन साल का मासूम, गड्ढे में गिरने से हुई मौत

**लोहरदगा:** जिले में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। पानी से भरे हुए एक गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई है। इस घटना को लेकर बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक प्रक्रिया अपना रही है। लोहरदगा में लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही है।

बता दें कि घटना कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव की है। गांव राजू उरांव के पुत्र अकसु उरांव की एक गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। अकसु अपने घर के आसपास खेल रहा था। खेलने के दौरान एक निमार्णाधीन मकान के समीप चला गया और वहां खोदे गए गड्ढे में गिर गया। जब बच्चा काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजन बच्चे को ढूंढने लगे। काफी देर बाद घर वालों को इसकी जानकारी हुई कि बच्चा गड्ढे में पड़ा हुआ है जानकारी मिलने के बाद परिजन तुरंत गड्ढे के पास पहुंचे, बच्चे को गड्ढे से निकाल कर आनन-फानन में परिजनों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से कुडू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि गड्ढे में गिरने की वजह से बच्चे की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया है। घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# शिक्षा का मकसद केवल डिग्री लेना नही : राज्यपाल

मेट्रो रेज




**हजारीबाग:** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग ने 33वीं वर्षगांठ मनाया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान कहा कि यह बेहद गर्व की बात है विश्वविद्यालय प्रत्येक दिन कामयाबी के कदम चूम रहा है। यह दिन न केवल विश्वविद्यालय के सफर को याद करने का है, बल्कि हमारे सामने भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर विचार करने का भी समय है। राज्य में अपार संभावनाएं हैं। इस राज्य को कैसे आगे ले जाएं, यह गहन चिंतन का विषय है।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा का मकसद केवल डिग्री प्राप्त करना और रोजगार हासिल करना ही नहीं है। बेहतर समाज की रचना के लिए जिम्मेदार और संवेनदशील समाज के निर्माण के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षण संस्थानों में बेहतर वातावरण बने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन हो, कक्षाएं नियमित हो तथा शोध के स्तर पर सुधार हो इस पर काम करना आवश्यक है। सभी के मदद से एक अच्छी पहचान भी बनाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से एक नया अध्याय लिखा है। इस नीति के तहत शिक्षण संस्थानों को अधिक समावेशी, लचीला और बहुआयामी बनाया गया है, ताकि विद्यार्थी अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार विकास कर सके। यह नीति शिक्षा में नवाचार और अनुसंधान को प्रोत्साहित करती है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खुशी है कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय भी इस नीति के आदर्शों को अपनाते हुए छात्रों को न केवल व्यावसायिक शिक्षा बल्कि नैतिक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान कर रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समस्त राज्यवासियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। राजपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक और सामाजिक मोर्चों पर उन्नति कर रहा है, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर भी तेजी से अग्रसर है। हमारा देश वैश्विक मंच पर अपनी अमिट पहचान बना चुका है तथा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति आईएएस सुमन कैथरीन किस्पोट्टा के संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय की शुरूआत से लेकर आज तक की उपलब्धियों को बताया। वहीं रजिस्ट्रार प्रोफेसर मुख्तार आलम ने विगत वर्ष के कार्यों की उपलब्धियों को लोगों तक साझा किया। कार्यक्रम के दौरान टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, 17 सितंबर 1992 में रांची विश्वविद्यालय के विभाजन के बाद अस्तित्व में आया था। भूदान आंदोलन से प्राप्त 67 एकड़ की भूमि पर विवि स्थापित गया है। जिस कारण इस विश्वविधालय का नाम संत विनोबा भावे के नाम पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय रखा गया। विभावि के पास पहले उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सात जिला के कॉलेज एवं सभी संस्कृत कॉलेज थे। 2017 में विभावि से बिनोद बिहारी कोयलांचल विवि अलग हो गया। अब विभावि के पास पांच जिला हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़ एवं गिरिडीह जिला के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, मॉडल महिला कॉलेज, बीएड कॉलेज समेत 80 कॉलेज हैं। हाल ही विश्वविद्यालय में शोध केंद्र को विकसित करने के लिए 99।7 करोड़ की राशि भी दी गई थी।

3 कमरे और 7 विषयों से हुई थी शुरूआत

विभावि की शुरूआत तीन कमरों से हुई थी। यह किराये पर था। विभावि का अपना पहला भवन केंद्रीय पुस्तकालय था। इसमें प्रशासनिक कार्य किये जाते थे, समय के अनुसार यूजीसी एवं राज्य सरकार के सहयोग से अब विभावि के पास अपना समृद्ध परिसर है। फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा इसके विस्तार की मांग की जाती रही है। हाल ही में जिला प्रशासन की तरफ से 1।69 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आईएएस सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, डीआईजी सुनील भास्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह सांसद मनीष जायसवाल और कई अधिकारी मौजूद रहे।

## सीसीएल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ




मेट्रो रेज

**रांची:** सीसीएल मुख्यालय में सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने स्वच्छताहीसेवा अभियान के तहत कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) श्री हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/ योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, मुख्यालय के महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण और बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

शपथ के तौर पर सभी लोगों ने यह प्रण लिया कि मैं न तो गंदगी करूंगा और न ही किसी और को करने दूंगा साथ ही सबसे पहले अपने से, अपने परिवार से, अपने मुहल्ले से, अपने गांव से, और अपने कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा। मैं मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। अतः मैं हर साल 100 घंटे यानी हर हफ़्ते दो घंटे स्वच्छता के लिए स्वैच्छिक रूप से श्रम दान करूंगा।

गौरतलब हो कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से शुरू होकर गाँधी जयंती यानि 02 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जाएगा जिसके तहत सीसीएल के सभी कमान क्षेत्रों में स्वच्छता से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाकर विभिन्न कार्यस्थलों को चिन्हित कर स्वच्छ बनाया जायेगा। इस वर्ष का थीम है ₹स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता।₹ यह थीम स्वच्छता को दैनिक जीवन और संस्कृति के हिस्से के रूप में अपनाकर संशोधित दृष्टिकोण के साथ व्यवहार परिवर्तन की ओर बढ़ने के परिप्रेक्ष में बदलाव का संकेत देती है। इस अभियान के तहत स्वच्छता सम्बंधित कला एवं निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस मौके पर सफाई मित्रों के लिए आधार शिविर का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए कई पहलों को अंतिम रूप दिया गया।

## मुसलाधार बारिश से मांडर प्रखंड में दर्जनों कच्चे मकान गिरे



**मांडर:** मांडर प्रखंड के कई गांवों में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार मुसलाधार बारिश के कारण दर्जनों कच्चे मकान ढह गए हैं। बहेरा टोली में मेराज अंसारी, रोजिद अंसारी, सदीक अंसारी, बुद्धदेव पाहन, हसन अंसारी और जैनुल अंसारी के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि छोटका हातमा में जयराम मुंडा और बंधन का घर भी इस आपदा की चपेट में आ गया। इसके अलावा, अन्य गांवों में भी कई मकानों के गिरने की सूचना मिली है। इस गंभीर स्थिति के बीच, जिला परिषद के प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों को हर संभव आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। मंगलवार को उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रभावित मकानों का सर्वे कराया जाएगा और प्रखंड प्रशासन के माध्यम से मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रबुल अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि इस बड़ी आपदा के बावजूद प्रभावित लोगों को समय पर मुआवजा नहीं मिलता है, तो वे प्रखंड कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे।



## खूंटी में अब 23 सितंबर को होगी परिवर्तन यात्रा

**खूंटी:** जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा 22 सितंबर के बजाय अब 23 सितंबर को होगी। इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए खूंटी में भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। परिवर्तन यात्रा के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव होंगे। खूंटी के भाजपा कार्यालय में एक बैठक कर परिवर्तन यात्रा की रूप रेखा तय की गई।

खूंटी भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि परिवर्तन यात्रा जो 22 सितंबर को होने वाली थी, अब उसमें संशोधन किया गया है। अब परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को होगी और इस कार्यक्रम में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा सत्ता परिवर्तन यात्रा है, साथ ही चुनाव की तैयारी यात्रा भी है। खूंटी में जब भी कोई कार्यक्रम होता है, खूंटी प्रदेश में अव्वल रहता है। सभी कार्यकर्ता अभी से ही कार्यक्रम की सफलता के लिए चिंतन-मनन करें। बैठक में परिवर्तन यात्रा के दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, एसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, कैलाश राम, कृपा सिंधु बेहरा, इंदौरी गुड़िया, जगन्नाथ मुंडा, भागीरथ राय, जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कंडूलना, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, कार्यालय मंत्री किशनचंद कश्यप, मंडल अध्यक्ष क्रमशः मदन मोहन गोप अर्जुन पाहन कलिन्दर राम, विजय राम के अलावा कई अन्य लोग मौजूद थे।

# खूंटी में जंगली हाथी का आतंक हमले में गयी बुजुर्ग की जान



**खूंटी:** मंगलवार को जिला में तोरपा प्रखंड के हुसिर पंचायत के मैंगो टोली में एक जंगली हाथी ने एक वृद्ध किसान को कुचलकर मार दिया। बुजुर्ग की पहचान 73 वर्षीय जैबो मुंडा के रूप में हुई है। वह सुबह-सुबह जंगल दतुवन तोड़ने जा रहा था। इसी दौरान जंगली हाथी से किसान का सामना हो गया और हाथी ने उन्हें रौंदकर मार डाला। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकरी अनुसार मैंगो टोली के जैबो मुंडा जंगल से सखुआ व करंज के दतुवान को तोड़ कर बाजार ने बेचता था। रोज की तरह मंगलवार की सुबह भी वे जंगल की ओर गये थे लेकिन तभी अचानक एक जंगली हाथी ने जैबो मुंडा पर हमला कर दिया। वृद्ध होने के कारण वे भाग नहीं सके और हाथी ने उनको कुचल दिया, जिससे जैबो मुंडा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस हादसे के बाद परिजनों द्वारा ग्रामीणों की मदद से झामुमो केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया को मामले की जानकारी मिली। जिसके बाद तोरपा पुलिस व वन विभाग को सूचित किया। जानकारी पाकर वन विभाग के नितेश केशरी, संजय मुंडा, मनोज सिंह, संजय साहू व लतोली के ग्राम प्रधान संतोष बोदरा, सोहेल खान, उदय चौदरी घटनास्थल पर पहुंच मृतक की पत्नी को तत्काल अंतिम संस्कार के लिए बीस हजार रुपये दिए और बाकी रुपये पूरी कागजी प्रक्रिया होने के बाद देने का आश्वासन दिया।

इसके बाद तोरपा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के कराकर परिजनों को सौंप दिया। इन इलाकों में बार-बार जंगली हाथियों के उत्पात से पंचायत समेत आसपास के गांव में दहशत व्याप्त है। इस घटना के बाद वन विभाग की टीम ने लतोली मैंगो टोली, आरा हस्सा के ग्रामीणों को टॉर्च व पटाखा दिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर हाथी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाई जाएगी। जिले की अन्य घटनाओं में खूंटी थाना क्षेत्र के चालम में एक 24 वर्षीय युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जिसका पहचान सोमा मुंडा के रूप में की गयी। वहीं एक अन्य मामले में एक 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। खूंटी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को शव सौंप दिया। थाना प्रभारी मोहन कुमार ने बताया कि यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ



## 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों की ट्रेनिंग आईटीएस होटवार में शुरू

**रांची :** सीआईडी के बैनर तले मंगलवार को 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों की ट्रेनिंग शुरू की गयी है। यह ट्रेनिंग आईटीएस होटवार में आयोजित की गयी है। द्वितीय बैच के 46 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों के लिए तीन सप्ताह के ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना और सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज द्वारा किया गया।

बता दें कि हाईकोर्ट झारखंड के चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की सलाह पर तत्कालीन डीजी सीआईडी और डीजीपी झारखंड अनुराग गुप्ता द्वारा महिला थाना में निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया था। इन प्रशिक्षित महिला कर्मियों को झारखंड के सभी महिला थाना में प्रतिनियुक्त किया जायेगा, जो महिला एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे अपराधों के कांडों में पुलिस अनुसंधान में सहायता करेंगी। उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान, कानून, नर्सिंग, मनोविज्ञान, सॉफ्ट स्किल साइबर जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

प्रथम बैच की 45 निर्भया शक्ति महिला आरक्षियों को राज्य के 38 महिला थाना में प्रतिनियुक्त किया जा चुका है। इन महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया है कि पीड़ित पक्ष जब थाना आये तो वह उनको शुरूआती प्राथमिक चिकित्सा देने से लेकर मनोवैज्ञानिक सलाह देते हुए अदालत में ट्रायल तक साथ में रहे। महिला एवं बच्चों के विरुद्ध हो रही लैंगिक हिंसा विशेष कर पॉक्सो और जेजे एक्ट जैसे कानून के संबंध में विशेष रूप से उन्हें जानकारी दी गयी है।

## लायंस क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन एवं भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर द्वारा पारस हॉस्पिटल में डॉक्टर नीतेश कुमार के निर्देशन में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे पाँच यूनिट ब्लड संग्रह कर दान किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,सचिव लायन अमित मिश्रा,मीडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा,लायन प्रशांत कुमार,लायन अनूप आनंद एवं क्लब के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। यह जानकारी क्लब के मिडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## नामकुम की ज्वेलरी दुकान में चोरी

**रांची:** राजधानी में चोरों का आतंक जारी है। मंगलवार की देर रात चोरों ने नामकुम थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर ने सिदरोल में कनक कॉम्प्लेक्स स्थित मां भवानी ज्वेलर्स में चोरी की। चोर दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश कर गये और दुकान में रखे जेवरात लेकर फरार हो गया।

बुधवार को दुकान संचालक ने जब दुकान खोला तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। कितने रूपए और जेवरात की चोरी हुई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।

## हाईकोर्ट में खुला स्टेट बार काउंसिल का एक्सटेंशन ऑफिस

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में स्टेट बार काउंसिल के एक्सटेंशन ऑफिस का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। इस मौके पर हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण और उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने एक्सटेंशन ऑफिस के उद्घाटन पर खुशी जाहिर की। कहा कि हाईकोर्ट में एक्सटेंशन ऑफिस खुलने से हाईकोर्ट के वकीलों को काउंसिल से जुड़े काम कराने में काफी सुविधा होगी। हाईकोर्ट के दूसरे टाइपिस्ट ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर पर एक्सटेंशन ऑफिस खोला गया है।

## सेप्सिस के बारे में बढ़ाई गयी जागरूकता

**रांची :** विश्व सेप्सिस दिवस के मौके पर सीएमआरआई (कलकत्ता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट) ने सेप्सिस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया, अक्सर स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाली चर्चा में इसकी अनदेखी की जाती है। इस अवसर पर सीएमआरआई ने क्रिटिकल केयर यूनिट में सेप्सिस की हैण्डलिंग' पर विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य शिक्षा, इनोवेशन और विशेषज्ञों के सहयोग से लोगों की कीमती जिंदगियां बचाना था। पेशेवरों और आम जनता को सेप्सिस के बारे में जागरूक बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के प्रतिष्ठित पैनल ने हिस्सा लिया, जो क्रिटिकल केयर और सेप्सिस मैनेजमेंट में विशेषज्ञ हैं। इस अनूठी पहल ने सेप्सिस के मामले में जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराने की सीएमआरआई की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। पैनल में डॉ अनिरबन चट्टोपाध्याय, हेड ऑफ क्रिटिकल युनिट, सीएमआर, डॉ अमृता भट्टाचार्य, इंचार्ज रेस्पीरेटरी इंटेन्सिव केयर युनिट, सीएमआरआई, डॉ देब कमल मुखर्जी, इंटेंसिविस्ट, क्रिटिकल केयर सीएमआरआई, डॉ फाहद हुसैन, इंटेंसिविस्ट, क्रिटिकल केयर, सीएमआरआई शामिल थे डॉ राजाधार, डायरेक्टर एवं एचओडी, पल्मोनोलॉजी विभाग, सीएमआरआई के द्वारा इस चर्चा का संचालन किया गया, जिसमें जल्द निदान से लेकर उपचार और क्रिटिकल केयर सेटिंग में आने वाली आम चुनौतियों पर रोशनी डाली गई।

# सरकारी स्कूलों की तरह निजी स्कूलों को भी सुविधा मिले : सत्यानंद भोक्ता

■ राज्य के 890 शिक्षकों को पासवा ने किया सम्मानित ■ शिक्षकों की महत्ता समाज के लिए अनमोल: मसूद कच्छी

मेंट्रो रेज

**रांची :** राज्य के 890 शिक्षकों को आज पासवा ने सम्मानित किया। प्राइवेट स्कूलस एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 12 वां शिक्षक सम्मान समारोह एसडीसी सभागार में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन श्रम मंत्री झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता, राजेश सिंह सन्नी राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस, निशा भगत उपाध्यक्ष पासवा एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, मुमताज आलम, वर्किंग अध्यक्ष मास्टर उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी

ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत गान के साथ सिटी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में झारखंड के 24 जिलों के लगभग 50 से ज्यादा स्कूल के 890 शिक्षकों को शिक्षा और समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का जश्न मनाने वाला यह कार्यक्रम राज्य भर के शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण था। इसने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से झारखंड के भविष्य को आकार देने में उनके अथक प्रयासों को स्वीकार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं श्रम, निबंधन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने भाषण में सभा में उपस्थित झारखण्ड के कोने कोने से आए हुए शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए कहा की निजी विद्यालयों के उत्कृष्ट कार्य बिलकुल नही भुलाया जा सकता है। उन्होंने कहा की निजी विद्यालयों की जो भी समस्या है उसे दूर किया जाएगा और सरकारी स्कूल की सुविधा निजी स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों को भी मिले यह मेरा प्रयास रहेगा। आज जो झारखण्ड की शिक्षा बेहतर है उसमे निजी विद्यालयो का भी रोल है। उन्होंने कहा की पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने बिहार/झारखण्ड के निजी विद्यालयों का एक मजबूत संगठन बनाया है। जो सराहनीय है और इनके माध्यम से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है जो और भी सराहनीय है। राष्ट्रीय अध्यक्ष, सैयद शमायल अहमद ने शिक्षक समुदाय के लिए अनुग्रह और प्रशंसा के साथ

कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में कहा की हम मंत्री जी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते हैं की पिछले सरकार ने जो निजी स्कूलों को जमीन की बाध्यता लगाई है उसे खत्म किया जाए। निजी स्कूलों को अगर जमीन की बाध्यता खत्म न किया गया तो शिक्षा जगत में गिरावट आजाएगी। शिक्षक ज्ञान और मूल्यों के पथप्रदर्शक होते हैं। शिक्षा प्रदान करने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता समाज में प्रगति की आधारशिला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश सिन्हा सुन्नी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा के प्रतिवर्ष इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों को शिक्षा जगत में किए गए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा एवं सम्मानित करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद को बहुत-बहुत बधाई दी एवं उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की। पासवा के राज्य महासचिव मसूद कच्छी ने अपने संबोधन में मुख्यातिथि, विष्टि अतिथि का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि हमारी संस्था पासवा निजी स्कूलों के शिक्षको को सम्मान देने का कार्य करती है। शिक्षक एक समाज का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति होता है जो विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों में शिक्षा देता है। वे शिक्षा के मूल अध्यापन के साथ-साथ विद्यार्थियों के विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें समझाने और स्पष्ट करने में मदद करते हैं। शिक्षकों की महत्ता समाज के लिए अनमोल है। इनके अलावा तौफीक हुसैन, बीएनपी बरनवाल,प्रदीप कुमार, मुमताज आलम, गौतम, ग्यासुद्दीन, हुसैन अंसारी, साबिर हुसैन, मो उस्मान, अंसारुल्लाह, अरविंद कुमार, महताब अंसारी, मो अर्श ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन पासवा के राज्य अध्यक्ष मो उस्मान ने किया। नेशनल एंथम के साथ कार्यक्रम का स्मापन्न हुआ।



# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में आपत्ति जताने वालों का रिजल्ट जारी हो : अमन अहमद



**रांची:** रांची जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला एवम ज्ञापन सौंपा । अमन अहमद ने कहा कि साल 2023 में हुए पीएचडी एंट्रेंस में 300 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई थी, जिसमें 100 से जायदा का अभी भी लंबित है मामला, उसके बाद 6 माह हो गए है, कोई निराकरण नहीं हुआ है।

08 जनवरी 24 को रांची विश्वविद्यालय कुलसचिव द्वारा एक पत्र जारी कर अभ्यर्थियों से पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 के परीक्षाफल से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति है तो आवेदन मांगा गया था, जिसकी तिथि 8/1/24 से 16/1/24 तक थी ।

मगर आज करीब 6 माह से ज्यादा हो गया है, बहुत से ऐसे विद्यार्थी है जिनका परीक्षाफल प्रकाशित ही नहीं हुआ है ।

कुछ ऐसे कई अभ्यर्थी हैं जिनका ओएमआर शीट रिचेक हुआ, तो वो पास हो गए है, मगर अभी तक रांची विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रकाशित नहीं किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कुलपति से मांग किया की आपत्ति जताने वाले सभी छात्र छात्राओं का पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2023 का परीक्षाफल अविलंब प्रकाशित किया जाए ताकि वो अपना आगे का भविष्य बना सके । कुलपति ने एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल से कहा की यह मामला हमारे संज्ञान में आया है, बहुत जल्द हमलोग छात्र हित में उचित निर्णय लेंगे ।

मौके पर हुसैन अंसारी, पवन कुमार, अंकिता शेखर, आर्यन कुमार, गुलशन कुमार, प्रिंस राज, सरफराज अहमद, आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# आंदोलन के लिए झासा बाध्य होगा : रंजीता हेंब्रम



**रांची :** राँची के ताना भगत स्टेडियम खेलगांव में झारखण्ड प्राशासनिक सेवा संघ की विशेष आम सभा की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। संघ के सदस्यों ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन, समयबद्ध प्रोन्नति, झारखण्ड नॉन एससीएस की उप समाहर्ता की समतुल्यता आदि विषयों पर चर्चा की।

झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने संघ द्वारा अब तक किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि संघ की शक्ति एकता में ही निहित है।इसलिए बड़ा कैडर होने के चलते स्वाभाविक मतभिन्नता के बावजूद हमें हर परिस्थिति में एकता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने राज्य प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन, समयबद्ध प्रोन्नति, किसी भी पदाधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई को 1 वर्ष के अंदर पूर्ण करने जैसे अन्य लंबित विषयों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने के अपने संकल्प को दोहराया। प्रस्तावित राज्य प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन को लेकर सदस्यों के बीच उठ रही शंकाओं को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार की तर्ज पर झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन के मॉडल को झासा स्वीकार्य नहीं करेगा।

बैठक में जिलों की कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे। पदाधिकारियों ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन की वकालत तो की लेकिन सदस्यों द्वारा यह भी दोहराया गया कि बिहार मॉडल के तर्ज पर सेवा पुनर्गठन न किया जाए।क्योंकि बिहार में राज्य सिविल सेवा को प्रीमियर सेवा बनाने के बाद वहां जो समस्याएं आईं उन्हें देखते हुये झारखंड के पदाधिकारी उस मॉडल से सशंकित हैं। झासा के सदस्यों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार यदि झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन की सोच रही है तो यह बहुत ही सकारात्मक बात है। लेकिन झाप्रसे पुनर्गठन प्रस्ताव का जो ड्राफ्ट है उसे सार्वजनिक करते हुए झाप्रसे के पदाधिकारियों से मंतव्य लेना चाहिए। झाप्रसे कैडर के हित-अनहित पर सम्यक विमर्श उपरांत ही प्रीमियर सेवा को अंतिम स्वरूप दिया जाना चाहिए। बैठक में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के भारतीय प्रशासनिक सेवा में इंडक्शन को लेकर निर्धारित अधिकतम 15% की सीमा को ही नियमित कोटा मान लेने की चल रही परंपरा का सर्वसम्मति से विरोध किया गया।पिछले दिनों झारखण्ड के गैर प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के उपसमाहर्ता की समतुल्यता के संबंध में सरकार द्वारा जो निर्णय लिया गया उसको लेकर भी संघ ने नाराजगी जतायी।आमसभा में अधिकारियों की ओर से रखे गए विभिन्न विषयों पर उनकी चिंताओं और भावनाओं से राज्य के नीति निमार्ताओं को अवगत कराने का भी निर्णय लिया गया। झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के हित को ध्यान में रखते हुए तमाम समसामयिक मुद्दों को सरकार के उचित मंचों पर रखा जा चुका है। यदि उनकी तर्क संगत मांगों को सरकार नहीं मानती है तो शीघ्र ही व्यापक आंदोलन के लिए झासा बाध्य होगा।

चर्चित हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल हत्याकांड

## लोकेश चौधरी के बॉडीगार्ड धर्मेंद्र तिवारी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**रांची :** लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या के मामले में मुख्य साजिशकर्ता लोकेश कुमार चैधरी का बॉडी गार्ड धर्मेंद्र कुमार तिवारी की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुइ। मामले में धर्मेंद्र कुमार की ओर से जमानत के आग्रह को नामंजूर करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। तिवारी की ओर से जमानत के लिए दायर हस्तक्षेप याचिका पर पूर्व में खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आरोप है कि धर्मेंद्र ने लोकेश के कहने पर ही अपनी बंदूक से गोली चलायी थी जिससे हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद खोखा एवं धर्मेंद्र के राइफल दोनों की जांच की थी। मामले में लोकेश चौधरी की जमानत पूर्व में हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। बता दें कि इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून 2023 में लोकेश कुमार चैधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। लोकेश और धर्मेंद्र ने निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा को हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील दायर कर क्रिमिनल अपील तैयार कर चुनौती दी हैं।

## निपु सिंह ने पेंशन बढ़ाने के लिए सीएम को लिखा पत्र

**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा के प्रत्याशी एवं रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी निपु सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मईयां सम्मान योजना लाने के लिए बधाई दी। श्री सिंह ने कहा कि यह अच्छा पहल है लेकिन चुनाव से ठीक दो महीना पहले यह योजना लाना वोट लेने के लिए लॉलीपॉप है या फिर कब तक सरकार इस योजना के लाभ देगी यह समय ही बताएगा और आगे सिंह ने कहां की मईयां सम्मान योजना की तरह विधवा विकलांग और बुजुर्ग की पेंशन में बढ़ोतरी करें और तीनों पेंशन को एक हजार से बढ़ाकर पैंतालीस सौ किया जाए तो यह मईंयां सम्मान योजना से ज्यादा बेहतर साबित होगा। श्री सिंह ने मुख्यमंत्रीहेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहां की विधवा विकलांग और गरीब बुजुर्ग की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर होती है उनको देखने वाला कोई नहीं होता है अगर आप उनके पेंशन बढ़ाकर पैंतालीस सौ प्रति महीना कर देते हैं तो यह बहुत बड़ी आपके लिए उपलब्धि होगी और कहां की राज्य के विकास और खुशहाली के लिए यह तीनों का पेंशन बढ़ाकर चुनाव से पहले राज्य के सभी विकलांगों विधवाओं और बुजुर्गों को खुशहाली दें ताकि उनके आशीवार्दों से फिर आप दोबारा मुख्यमंत्री बनें और राज्य के ही नहीं देश के सबसे सफल मुख्यमंत्री साबित हो ।

## राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन 28 व 29 सितंबर को

**रांची:** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देशानुसार मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड में होने वाले विधानसभा के चुनाव की तैयारी हेतु सभी विधानसभा में जोरदार और असरदार कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। सभी नेताओं कार्यकताओं से आग्रह है कि कार्यक्रम की तैयारी में तन मन धन से लग जाए और आदरणीय नेता माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और युवाओं की आवाज माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव जी के संदेश एवं नीति को बताने का काम करें। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज ने बताया कि सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूवात चतरा जिला से होगा। 28 सितंबर को चतरा और 29 सितंबर को पलामू जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन होना सुनिश्चित है इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रभारी राजद के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी , राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, पूर्व मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ,सांसद अभय कुशवाहा सहित अन्य कई माननीय नेतागण कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे।

## आरकेडीएफ विवि के छात्रों ने वृद्धाश्रम में काटा केक

**रांची :** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में सोशल साइंस डिपार्टमेंट द्वारा छात्र-छात्राओं को 'अपना घर' उर्सलाइन कॉन्वेंट हेसाग हटिया स्थित वृद्धाश्रम ले जाया गया। चांसलर डॉ साधना कपूर के जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम में रहने वाले बेघर बेसहारा बुजुर्गों के बीच केक काटा गया । साथ ही खाद्य सामग्री एवं स्वच्छता सामग्री वितरित की गई। कुलपति डॉ सुचितांग्शू चटर्जी ने कहां कि वृद्धाआश्रम, अनाथ आश्रम इनका होना हमारे समाज के लिए विडंबना है जिनका स्थान घरों में सर्वोपरि उन्हें इन संस्थानों में रहने के लिए विवश होना पड़ रहा है यह मानवीयता के लिए प्रश्न चिन्ह है। कुल सचिव डॉक्टर अमित कुमार पांडे ने कहा कि एकाकीपन हर वर्ग के लिए अभिशाप है चाहे वह बालक हो युवक हो बुजुर्ग हो

## सुविचार

**जो झुकता है वही आगे बढ़ता है**

## शांति का इंतजार

**जब** भी ऐसा लगता है कि मणिपुर में हालात शायद कुछ बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं, तभी करीब डेढ़ बरस से सुलग रही आग फिर भड़क उठती है। इस महीने की शुरूआत से राज्य में जिस तरह एक के बाद एक हिंसक घटनाओं का सिलसिला चला है, उसने चिंता और बढ़ा दी है। केवल मणिपुर ही नहीं, यह पूरे देश के लिए सोचने की बात है कि आखिर मई 2023 से शुरू हुए विवाद को अभी तक क्यों सुलझाया नहीं जा सका। राज्य में चल रहा विरोध-प्रदर्शन दिन-ब-दिन और हिंसक होता जा रहा है। अब रॉकेट और बम चल रहे हैं और पुलिस अफसरों को चिंता जतानी पड़ रही है कि सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ अत्याधुनिक घातक हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा। अगर प्रदर्शन आम लोगों और स्टूडेंट्स का है, तो ये हथियार कहां से आ रहे? पिछले दिनों राज्य के पहले मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट से हमला हुआ था। इसी शनिवार को एक मंत्री के आवास पर ग्रेनेड अटैक हुआ। इन घटनाओं से पता चलता है कि राज्य में ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जो हालात को सामान्य नहीं होने देना चाहते।

मणिपुर में शांति बहाली के लिए सभी पक्षकारों का किसी आम सहमति पर आना जरूरी है। वहां तीन पक्ष हैं - मैतेई, कुकी और नगा। यह विवाद शुरू हुआ था मैतेई समुदाय को रळ का दर्जा देने की मांग के साथ। कुकी और नगा इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन, जिस तरह से इस विवाद में जंगल और जमीन का मुद्दा, अवैध प्रवासियों की समस्या, ड्रग्स का जाल और दूसरे कानूनी पहलू उभरते चले गए, उससे स्पष्ट है कि गतिरोध कई मोर्चों पर है और इन सभी पर काम किए जाने की जरूरत है। एक बड़ी समस्या यह आ रही है कि हर पक्ष मणिपुर को बस अपनी नजर से देख रहा है। कुकी समुदाय को लगता है कि राज्य का मौजूदा सीएम एन बीरेन सिंह का नेतृत्व उनके साथ न्याय नहीं कर सकता। मैतेई समुदाय चाहता है कि राज्य सरकार को केंद्रीय सुरक्षा बलों की कमान भी दे दी जाए। वहीं, तीसरा धड़ा यानी नगा समुदाय अपने लिए अलग प्रशासनिक ढांचे की मांग कर रहा है, जबकि मैतेई राज्य के किसी भी तरह के बंटवारे के खिलाफ हैं। कुल मिलाकर स्थिति बहुत उलझी हुई है, जिसे संवेदनशीलता के साथ सुलझाने की जरूरत है। पूर्वोत्तर ने लंबे समय तक उग्रवाद की मार झेली है। मौजूदा संकट से पुरानी समस्या के फिर सिर उठाने का खतरा पैदा हो गया है। इस ओर ध्यान इसलिए भी जाता है क्योंकि पड़ोसी म्यांमार में जुंटा को सत्ता संभालने में मुश्किल आ रही है। सशस्त्र विद्रोहियों की ताकत वहां बढ़ रही है। केंद्र की नजर इस पर जरूर होगी। म्यांमार की उथल-पुथल मणिपुर में कोई हलचल न मचाए, इसके लिए अपना घर जल्द से जल्द ठीक करना होगा।

## इस्तीफे का दांव

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के अरविंद केजरीवाल के फैसले ने एक स्तर पर लोगों को चौंकाया जरूर, लेकिन इसने प्रांतीय और राष्ट्रीय राजनीति के कई तात्कालिक और कुछ दूरगामी पहलुओं की ओर भी ध्यान खींचा है। केजरीवाल के जेल में रहते हुए उन पर इस्तीफे का दबाव बनाने में विरोधियों ने कोई कसर उठा नहीं रखी। उस पूरी अवधि में सभी दबावों की अनदेखी करते हुए वह अड़े रहे। अब जब केंद्रीय एजेंसी उइकपर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी और पूरी पार्टी इसे केजरीवाल की जीत बता रही है, तब उन्होंने इस्तीफे का एलान कर दिया। इसी बिंदु पर चुनावी राजनीति की रणनीतिक बारीकियां अपनी ओर ध्यान खींचती हैं। दिलचस्प है कि इस मामले में चाहे इखढ हो या अअढ दोनों में हमलावर तेवर बनाए रखने की जैसे होड़ लगी हुई है। दोनों ही दल इस बात को लेकर काफी सतर्क नजर आते हैं कि वे बचाव की मुद्रा में न दिखने लग जाएं। अअढ नेता चाहें या न चाहें केजरीवाल की छवि दिल्ली में बड़ा चुनावी मुद्दा बनने ही वाली है। ऐसे में इस्तीफे के जरिए इस सवाल को केंद्र में लाकर अअढ ने यह साबित करने का प्रयास किया है कि वह इस सवाल से किसी भी रूप में कतरा नहीं रही। महत्वपूर्ण यह भी है कि केजरीवाल ने पहले इस्तीफा न देने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए पूरे इंडी ब्लॉक को इस दायरे में शामिल कर लिया। उन्होंने कहा कि चाहे कर्नाटक में सिद्धारमैया हों या केरल में पी विजयन या पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी- इखढ ने इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इनकी सरकार गिराने की साजिश तैयार रखी थी। इस बड़ी साजिश को नाकाम करने के लिए ही वह अब तक इस्तीफा न देने की बात पर अड़े रहे। साफ है कि खुद को इंडी ब्लॉक में मजबूती से बनाए रखना अभी उनकी प्राथमिकता में है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से आखिरी पलों में तालमेल के कोई संकेत अभी तक नहीं हैं। चाहे अन्ना आंदोलन हो या एक राजनीतिक पार्टी के रूप में उभर आने के बाद का, आप लीडरशिप ईमानदारी को कानून-व्यवस्था की नजरों से ही देखती थी। इसीलिए शुरू में उसका स्टैंड यह था कि जिस नेता पर भी कोई मामला दर्ज हो या उसे गिरफ्तार किया जाए, उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। इस बार पार्टी के नेता पद छोड़ने का फैसला करते हुए भी जनता की अदालत में खुद को बेकसूर साबित करने पर जोर दे रहे हैं। यह पार्टी के नजरिए में आए बदलाव का सबूत है। यह भारत में राजनीति की जीवंतता की एक निशानी तो है ही।

# पूर्वजों को जल देने का भारतीय विधान सिर्फ कर्मकांड नहीं, विज्ञान भी !

> गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थि विसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जति अस्थियों का जल उन तमाम शरीरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारतीय ऋषियों ने अपने तमाम शोधों में से एक अनुसंधान देह की समापित (मृत्यु) के बाद के दूसरे संसार पर भी किया है, जिसे हम आत्माओं का घर भी कहते हैं। जिस प्रकार मनुष्य अनेकानेक जीवाणुओं और विषाणुओं को अपनी खुली आंखों से देख नहीं सकता, किंतु उनका अस्तित्व है, उसी प्रकार से आत्माओं का जगत है, जहां से मृत्युलोक में ये आत्माएं नाना प्रकार के शरीरों में बार-बार आती हैं। कुछ हमारे आस-पास भी रहती हैं। इनमें से कुछ ऐसी भी हैं जोकि लम्बे समय तक जन्म नहीं लेतीं, क्योंकि उनका पूर्व जन्म का बंधन जोकि मन से जुड़ा है वह जागृत रहता है, स्वभाविक है, वे आत्माएं अपने कुल-परिवार से इतनी अपेक्षा जरूर करेंगी कि वे उनके वर्तमान में भौतिक असतित्व का कारण हैं, इसलिए कम से कम कुछ दिन ही सही उनके प्रति श्रद्धा का संस्कार तो पूर्ण करेंगे ही।

वास्तव में श्राद्ध की मूलभूत परिभाषा यह है कि प्रेत और पितर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाय वही श्राद्ध है। यह श्राद्ध ठीक आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से पितृपक्ष प्रारंभ होता है और 15 दिन शुक्ल प्रतिपदा तक चलता है। पितृपक्ष में पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो यव (जौ) तथा चावल का पिण्ड देता है। इस संबंध में श्रीमद्भागवत में भगवान श्री कृष्ण का कथन है- अर्थात जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है। हालांकि श्राद्ध कर्म, तर्पण विधि की वैज्ञानिकता और अवैज्ञानिकता के अपने तर्क हो सकते हैं, किंतु इसे कुछ इस तरह समझना होगा जैसा कि हमारे आस-पास अनेकों पाई जानेवाली ध्वनि तरंगें हैं। इन तरंगों को आप महसूस नहीं कर सकते, किंतु हर तरंग आपकी ली गई सांसों से शरीर के अंदर और बाहर स्वतः हो रही हैं। इस संपूर्ण प्रक्रिया में जैसे ही एक निश्चित तरंग को उसकी संचारक गति पर स्थरि किया जाता है, सामने से आवाजें सुनाई देने लगती हैं। बोलते चित्र भी प्रकट हो जाते हैं।

### भारतीय ऋषि परंपरा है पूरी तरह वैज्ञानिक

वस्तुतः जो भी लोग श्राद्ध पक्ष को लेकर अविश्वास व्यक्त करते हैं, उन्हें यहां समझ लेना होगा कि अपनी ऋषि परंपरा पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं। अब तक हिन्दू जीवन की जीतनी भी परंपराएं पाई गई हैं, उसके पीछे कोई न कोई वैज्ञानिकता सामने आती रही है। हिन्दू शास्त्रकारों ने इस विषय की ऐसी बारीकी से खोज की है कि मनुष्यों को अपने सब प्रकार के भले बुरे कर्मों के परिणामों का भली प्रकार ज्ञान हो जाता है और वे परलोक के स्वरूप को बहुत अच्छी तरह समझ सकते हैं। उदाहरण के तौर पर मृत्यु के बाद दाह संस्कार ही क्यों किया जाता है तब इसका उत्तर होगा कि कोई भी मनुष्य हो, वह प्रकृति से जीवन भर लेता है, यदि कोई इंसान अत्यधिक कंजूस है, सिर्फ लेने पर ही भरोसा रखता है, उससे भी जीवन के अंत के बाद पांच तत्वों में भौतिक शरीर के विलीन हो जाने पर शेष अस्थयिों में बचे अगनि के ताप से पवित्र कैलशियम और फास्फोरस को बहते हुए नदी जल में विसर्जति कर जीव-जगत की सेवा करने का विधान है।

गंगा, यमुना, गोदावरी, कावेरी या अन्य नदी के एक घाट पर अस्थि विसर्जन चल रहा होता है तो दूसरे घाट से नदी के पवित्र जल को अनेक मनुष्य एवं नाना प्रकार के जीव-जन्तु पीकर अपनी प्यास बुझा रहे होते हैं। स्वभाविक है कि विसर्जति अस्थियों का जल उन तमाम शरीरों में जाता है जोकि नदी के जल का सेवन करते हैं या वह जल कृषि कार्य में उपयोग लिया जा रहा है। इस पूरे चक्र में आप देखेंगे कि विसर्जति अस्थियों का कैल्शयिम जल के पीने के साथ अनेक जीवों के शरीर में जाकर उनके जीवन को पुष्टता प्रदान करता है और शरीर में प्राकृतिक रूप से कैलशियम की कमी को दूर करने का कारण बनता है । इसी प्रकार के अनेकों उदाहरण वनस्पतियों, औषधि, धातु, सौरमण्डल, खगोल विज्ञान, वास्तु विज्ञान समेत हर क्षेत्र में आज प्रमाणित हो चुके हैं, जिन्हें कल तक सिर्फ धारणा कहकर या हिन्दू माइथोलॉजी (मिथ) कहकर आविश्वास प्रकट करते हुए उनके होने पर ही प्रश्न खड़ा किया जाता था, उन्हें सही होने के बाद भी नकार दिया जाता था, किंतु आज वे शतप्रतिशत सही सिद्ध हो चुके हैं।

### पुनर्जन्म की अनेक कहानियां आ चुकी हैं सामने

कहना होगा कि मृत्यु के बाद जीवन का विषय भी कुछ इसी प्रकार का है । भारतीय संदर्भ में मृत्यु के बाद नए जीवन लेने के कई उदाहरण वर्तमान में हमारे सामने हैं, जोकि अन्य मत, पंथ, रिलीजन की धारणाओं के उलट हैं, जैसेकि बेंगलुरु की नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ. सतवंत पसरिया द्वारा इस विषय पर लम्बे समय तक किए गए शोध के आधार पर पुनर्जन्म पर प्रकाशित 'श्क्लेम्स ऑफ रिइंकार्नेशनरू एम्पिरिकल स्टी ऑफ कैसेज इन इंडियास' पुस्तक लिखी गई। इसमें उन्होंने 1973 के बाद से भारत में हुई 500 पुनर्जन्म की घटनाओं का उल्लेख किया है। यह पुस्तक तथ्यों के साथ यह प्रमाणित कर देती है कि मृत्यु के बाद पुनर्जन्म है और पुनर्जन्म होने के पहले पितर, प्रैत योनी भी है, जहां कई बार पुनः जन्म लेनेवाली आत्मा को कई वर्षों तक रुकना पड़ा था।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बिकने वाली किताबों में शामिल 'मैनी लीव्स मैनी मास्टर्स' है, जिसके लेखक डॉ. ब्रायन वीस एक मरीज की सच्ची कहानी के बारे में लिखते हैं। ब्रायन वीस अपने मरीज से सवाल पूछते हैं। उक्त महिला मरीज जब इन सवालों के जवाब देती है तो वीस हैरान रह जाते हैं। क्योंकि इन समस्याओं के तार पिछले जन्म से भी जुड़े रहते हैं। गीता प्रेस गोरखपुर ने भी अपनी एक किताब 'परलोक और पुनर्जन्मांक' में ऐसी कई घटनाओं का वर्णन किया गया है, जिससे कि पुनर्जन्म होने की पुष्टि होती है। इस बच्चे की उम्र केवल चार साल थी, तबसे कहीं बड़ी उम्र के महिला-पुरुष इसे पिता और ससुर के रूप में सम्मान दे रहे हैं। बच्चा भी उनके साथ उसी तरह का व्यवहार करता है जैसे वह उनका पिता और सुसुर हो। इसका कारण इस बच्चे का इन लोगों से पिछले जन्म का रिश्ता होना है। यह घटना मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से 10 किलोमीटर दूर बसे लसूडिया गांव की है। इस गांव में 11 अगस्त 2008 को आत्माराम के घर एक बालक का जन्म हुआ। परिवारवालों ने इस बालक का नाम विशाल रखा, चार साल की उम्र में इस बालक ने अपने पिछले जन्म के परिवार जनों के बारे में बताया और मिलने की जिद की ।

वह बता रहा था कि मोगराराम नाम के स्थान का रहनेवाला है और उसका नाम मेहताब सिंह है। बच्चे को जब मोगराराम ले जाया गया तो पता चला कि उसका कहा सच है। इस विशाल नाम के चार साल के बच्चे ने पूर्वजन्म में उनके साथ हुई लूट की घटना और खेत-खलिहान तक को पहचान लिया। मेहताब सिंह के बेटे और बहू ने चार साल के विशाल को अपना पिता और ससुर मान लिया और इसी रूप में इन्हें सम्मान दिया। गीताप्रेस गोरखपुर से प्रकाशित कल्याण पत्रिका में इस घटना का उल्लेख किया गया है। अमेरिका की वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डॉ. इयान स्टीवेंसन ने 40 साल तक इस विषय पर शोध करने के बाद एक किताब 'रिइंकार्नेशन एंड बायोलॉजी' लीखी थी जिसे सबसे महत्वपूर्ण शोध किताब माना गया है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# 'चरण' और 'मरण' के कोण में घिरा हरियाणा का रण

> वपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो भाजपा के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष ने जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है। एक समुदाय, जो राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा विधानसभा का चुनावी रण इस समय मतदाताओं के चरण और मरण के कोण पर टिका है। हर चुनाव में मतदाताओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। उनके चरण जिस पार्टी की तरफ बढ़ते हैं, उसे विजयश्री मिलती है। और बाकी को बेरुखी के चरण का खामियाजा भुगतना पड़ता है। उनके सामने पांच साल तक इंतजार करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता। पिछले 10 साल से प्रदेश की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार सत्ता की लड़ाई बेहद दिलचस्प । सवाल यह भी है कि क्या भाजपा इस बार भी रण फतेह करेगी। भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। मोदी अपने चुनावी अभियानों में भ्रष्टाचार, विकास कार्यों, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं। भाजपा नेता प्रचार में भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। पार्टी मोदी की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। इसलिए राज्य में पार्टी बिना किसी सीएम फेस के उतरी है। भाजपा बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है।




अगर भाजपा के बड़े नेता किसानों के मुद्दों पर कुछ अहम घोषणा करते हैं तो आंदोलन के कारण उपजे असंतोष को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि सरकार और किसानों के बीच टकराव ने भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाया। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी के वोट बैंक पर पड़ सकता है। पार्टी को इस असंतोष से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति पर चलना होगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों के मसले पर कुछ बड़ी घोषणा करनी पड़ेगी। हरियाणा में खेल और खिलाड़ी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला पहलवानों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों और न्याय की मांग पर केंद्रित थे, राज्य में भाजपा की छवि को झटका दिया है। भाजपा को इससे उबरने के लिए भी कुछ न कुछ करना होगा।

विपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो भाजपा के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष ने जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है। एक समुदाय, जो राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भाजपा से नाराज चल रहा है। पार्टी को अन्य मतदाताओं पर ज्यादा निर्भर रहना पड़ रहा है। भाजपा के सामने इस बार जातीय संतुलन साधने और सभी वर्गों को साथ लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा को अपने दम पर अन्य ग्रामीण वोटों को आकर्षित करना होगा। 10 साल की सत्ता के बाद भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का बड़ा खतरा है। वैसे भी सत्ता में रहते हुए किसी भी पार्टी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ता है।

खासकर, लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा की 10 में से सिर्फ पांच सीट मिलीं। विधानसभा चुनाव के इतने नजदीक मनोहर लाल की जगह नए चेहरे नायब सिंह सैनी को सत्ता सौंपी गई। यह फैसला विधानसभा चुनाव में क्या कमाल करेगा, यह मतगणना के दिन ही पता चलेगा। हरियाणा में 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 47 सीटें मिली थीं। पार्टी ने स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाई। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा और उसे सिर्फ 40 सीटें मिलीं, जो बहुमत से कम थीं। इसके बाद जेजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई गई। इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी का विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन कैसा रहता है।

इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी समुदायों के नेतृत्व पर जोर दिया है, जबकि विपक्ष ने विशेष जाति कार्ड का खुलकर उपयोग किया है। भाजपा ने विभिन्न जातियों को टिकट देने की कोशिश की है। हरियाणा में भाजपा ने दस साल की सत्ता के साथ विधानसभा चुनावों में सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए इस बार सामाजिक समीकरणों का गणित तो बिठाया है, लेकिन इसकी केमिस्ट्री किस करवट बैठेगी इसे लेकर कुछ भी पक्का नहीं ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पितृपक्ष के दौरान पड़ने वाली इंदिरा एकादशी

**धर्म : अध्यात्म**

सनातन धर्म में एकादशी तिथि का अधिक महत्व होता है। साल में कुल 24 एकादशी तिथियां पड़ती है प्रत्येक माह में 2 एकादशी पड़ती है। पितृपक्ष के दौरान पड़ने वाली इंदिरा एकादशी का विशेष महत्व है। आइए जानते हैं इंदिरा एकादशी कब है और इसका शुभ मुहूर्त।

### इंदिरा एकादशी कब है

- इंदिरा एकादशी तिथि का आरंभ - 27 सितंबर, दिन शुक्रवार, दोपहर 1 बजकर 20 मिनट
- इंदिरा एकादशी तिथि समापन- 28 सितंबर, दिन शनिवार, दोपहर 2 बजकर 49 मिनट
- उदया तिथि के अनुसार, इंदिरा एकादशी का व्रत 28 सितंबर को रखा जाएगा।

### इंदिरा एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त

- पूजा मुहूर्त - सुबह 4 बजकर 36 मिनट से 5 बजकर 24 मिनट
- इंदिरा एकादशी के दिन राहुकाल समय- सुबह 9 बजकर 11 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट
- अभिजीत मुहूर्त - सुबह 11 बजकर 47 मिनट से दोपहर 12 बजकर 24 मिनट

### इंदिरा एकादशी का व्रत पारण मुहूर्त

- व्रत पारण हमेशा द्वादशी तिथि के दिन ही होता है, तभी व्रत पूर्ण होता है।
- इंदिरा एकादशी की व्रत पारण तिथि है 29 सितंबर, दिन रविवार
- इंदिरा एकादशी व्रत पारण मुहूर्त- सुबह 2 बजकर 12 मिनट से 8 बजकर 35 मिनट।

### इंदिरा एकादशी का महत्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, इंदिरा एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा की जाती है जिससे पितृ शांत रहते हैं। धार्मिक शास्त्रों और पौराणिक ग्रंथो में भगवान विष्णु पितरों के देवता माने जाते हैं। इस दिन व्रत रखकर पितरों के निमित्त दान भी करना चाहिए। इस एकादशीका व्रत करने से सिर्फ पितरों को मोक्ष मिल जाता है बल्कि व्रत भी सुखों की प्राप्ति होती है। माना जाता है इस एकादशी पर व्रत रखने से पितरों की कृपा परिवार पर बनी रहती है।

## संस्कार

### बचपन से ही हो संस्कारों का बीजारोपण

यदि आरंभ से ही बच्चों को अच्छे संस्कार मिले तो उनमें सद्गुणों का विकास होता है और वह अपनी संस्कृति और परिवार से जुड़ता है। अच्छे संस्कार जीवन को उचित दिशा देते हैं। बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का बीजारोपण होना चाहिए। संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। बच्चों को सुसंस्कारित करना परिवार के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी है, साथ ही समाज के प्रतिष्ठित लोगों का कर्तव्य है। राजस्थान के उदयपुर से आए कथावाचक पुष्करदास ने यह बात कही। वे यहां हुब्बल्ली (कर्नाटक) के गब्बुर गली स्थित श्री रामदेव मंदिर परिसर में कथा श्रवण करा रहे थे। रामदेव मरुधर सेवा संघ हुब्बल्ली के तत्वावधान में आयोजित कथा के दौरान कथावाचक पुष्करदास ने कहा, शिक्षा से पहले संस्कार की आवश्यकता है। बच्चों को घर से ही संस्कार देना शुरू कीजिए। बच्चे के बड़े होने पर संस्कार देना मुश्किल हो जाता है इसलिए बाल्यावस्था से ही संस्कार का बीज बोना आवश्यक है। संस्कारों से ही दया, करुणा, प्रेम, परोपकार आदि से स्वयं का जीवन सजाने वाला व्यक्ति महान बन जाता है।

**पुष्करदास, राजस्थान**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सड़कों का किया शिलान्यास, कहा

# जो वादा किया उसे पूरा कर रही हूं

मेट्रो रेज



**गोड्डा /ठाकुरगंगटी :** झारखंड राज्य कृषि मंत्री सह महगामा विधायक दीपिका सिंह पाण्डेय ने विभिन्न सड़कों का शिलान्यास फीता काटकर किया। ठाकुरगंगटी दिगधी पथ से महावीर मंदिर तक पथ शुद्धिकरण, मेघचातर से देवनचक भाया दिग्धी संथाली टोला तक पद शुद्धिकरण, सालीम खुटहरी से बेलवा पथ शुद्धिकरण, गझंडा मोड़ से कजरैल तक पद शुद्धिकरण, ग्राम सन्होली से करवला मैदान तक शुद्धिकरण सड़क का शिलान्यास किया.इस मौके पर ग्रामीणों की अन्य समस्यओं को भी कृषि मंत्री ने सुना.मौके पर मीडिया से बात करते हुए विधायक ने कहा कि मैंने अपने गांव के इन बहनों को भरोसा दिलाया था कि उनके गांव तक भी पक्की सड़क जरूर आएगी किया हुआ वादा पूरा किया है। इन बहनों ने भी बड़ी आत्मीयता से मुझे गले लगाया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो वादा किया।उसे पूरा करने का काम किया है. अब यहां के एक एक जनता की बारी है।क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का काम हेमंत सोरेन की सरकार में करने का काम किया गया है। चाहे वह माता बहनों लोगो को पेंशन योजना से जोड़ते हुए लाभ दिलाने का काम किया. उन्होंने कहा की सिंचाई के क्षेत्र में किसानों के हित में कार्य करते हुए उनके खेतों तक पानी पहुंचाने का काम किया. गांव स्तर पर जले हुए ट्रांसफॉर्मर को त्वरित कार्यवाही करते हुए नये ट्रांसफॉर्मर देने का काम किया, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो उन्होंने कहा कि आवागमन को लेकर क्षेत्र की तमाम सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया गया है। क्षेत्र के प्रत्येक सड़क को जल्द बनाने का कार्य किया जा रहा है। उसी को लेकर सड़क का शिलान्यास किया जा रहा है। जनता को किसी भी प्रकार से दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबी के लिये आबुआ आवास के तहत लोगो को आवास देने का काम किया। मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत हर मां बहनों के खाते में सम्मानित राशि देने का काम किया गया है।200 यूनिट बिजली फ्री देने का कार्य किया है बिजली बिल माफी का काम किया है। कृषि मंत्री आगमन से क्षेत्र के जनता काभी खुशी देखने को मिला मौके कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र जनता मौजूद थे

# चोरों ने मंदिर से की सोने की नथ और पायल की चोरी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** शहर के प्रसिद्ध वायसी मंदिर में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है।जिसने स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया है।वायसी माँ की सोने की नथ और काली माँ की पायल चोरी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।यह घटना न केवल धार्मिक स्थल की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है।बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी आहत करती है।वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है। कि कुछ अज्ञात चोर बेहद शातिर तरीके से मंदिर में प्रवेश कर सोने की नथ और पायल चोरी करते हैं।यह घटना उस समय की है जब मंदिर में पूजा-अर्चना का समय समाप्त हो चुका था।और परिसर में सन्नाटा था।चोरी की इस घटना से न केवल भक्तगण दुखी हैं।बल्कि मंदिर प्रबंधन भी हैरान है। कि इस तरह की घटना मंदिर के अंदर कैसे हो सकती है।वायसी मंदिर,जो अपनी धार्मिक महत्ता और आस्था का केंद्र है।अब एक ऐसे हादसे का गवाह बना है। जिसने श्रद्धालुओं के विश्वास को झकझोर दिया है। लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और वे प्रशासन से इस चोरी की घटना की तुरंत जांच और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहे हैं।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।और कहा जा रहा है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सोन नदी का जलस्तर बढ़ा हुसैनाबाद के 20 लोग फंसे

**पलामू :** देवरी स्थित सोन नदी का जलस्तर तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह काफी बढ़ गया है। खबरों के अनुसार खेती बाड़ी के लिए सोन नदी के बीच डिला पर गये हुसैनाबाद क्षेत्र के 20 महिला-पुरुष फंस गये हैं। वहां फंसी पूनम देवी ने मोबाईल पर बताया कि सभी लोग सोन नदी की धारा में खड़े हैं। सोन नदी में अचानक पानी बढ़ जाने की वजह उन्हें वापस लेने कोई नाव नहीं आ पा रही है। पूनम देवी ने बताया कि मंगलवार को अचानक नदी में पानी बढ़ गया। पानी बढ़ने पर कभी भी वह बह सकते हैं। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। बताया कि नदी में पानी का बहाव तेज है। फंसे हुए लोगों से प्रशासन लगातार संपर्क बनाए हुए है।

### आरसेटी समाज को जागरूक करने के लिए लेंगे प्रशिक्षण




**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विश्व स्वच्छता दिवस के अवसर पर आरसेटी साहिबगंज में चल रहे प्रषिक्षण कार्यक्रम सेल फोन रिपेयर के प्रशिक्षु और डेयरी फार्मिंग के कुल 60 प्रशिक्षु के साथ स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कहा कि स्वच्छ रहना कितना ही जरूरी है साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने हेतु एक विशेष संकल्प भी लिया गया अपने आसपास पेड़ पौधे लगाने को भी लोगों को जानकारी दी गई।प्लास्टिक का यूज ना करने तथा जूट के थैले का ज्यादा यूज करे इन सब के बारे में बताया गया।मौके पर आरसेटी के निर्देशक रविंद्र कुमार,जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक,सुधीर कुमार आरसेटी प्रशिक्षक राजहंस कुमार,उपेंद्र गोप एवं अतिथि प्रशिक्षक के रूप में विनोद कुमार,चंदन कुमार,माला कुमारी कार्यालय सहायक आकाश कुमार,रंजीत कुमार,नीरज कुमार एवं प्रकाश कुमार उपस्थित थे।यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु जिसके लिए आरसेटी समय समय पर अलग अलग कदम समाज के प्रति जागरूक करने के लिए लेंगे,और लोगो को जागरुक करेगा।

### नए थाना प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर किया गया स्वागत



**साहिबगंज :** कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के सदर प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम ने मुफ्फसिल थाना के नए थाना प्रभारी मदन कुमार को शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया।प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम ने बताया कि मुफ्फसिल थाना में नए थाना प्रभारी का पदस्थापन को लेकर स्वागत किया गया है।परवेज आलम ने बताया कि नए थाना प्रभारी बहुत ही मिलन सार एवं सख्त है।उन्होंने बताया कि मुफ्फसिल थाना प्रभारी से क्षेत्र में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था कैसा हो इस पर विचार विमर्श किया गया।उन्होंने थाना प्रभारी को अवगत कराया की पूर्व के थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाया गया था। और उम्मीद करता हूं कि आपके द्वारा भी अपराध पर अंकुश लगा रहेगा।वहीं थाना प्रभारी ने भी कांग्रेस नेता परवेज आलम को भरोसा दिलाया कि निश्चित रूप से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश रहेगा अपराधियों को क्षेत्र छोड़ना पड़ेगा।मौके पर कांग्रेस जिला सचिव मो रहीम,वार्ड सदस्य, मोहम्मद निजामुद्दीन,मोहम्मद कासिम सहित अन्य थे।

### खूंटी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा अब 23 सितंबर को, जेपी नड्डा होंगे शामिल




**खूंटी।** भाजपा की 22 सितंबर को खूंटी में आहूत परिवर्तन यात्रा अब 23 सितंबर को होगी। यह जानकारी सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित भाजपा कार्यकताओं की बैठक में दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण और विषय प्रवेश जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कराया। दीपक प्रकाश ने कहा कि परिवर्तन यात्रा जो 22 सितम्बर को होने वाली थी, अब उसमें संशोधन किया गया है। परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगें। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सांसद ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा सत्ता परिवर्तन यात्रा है। साथ ही चुनाव की तैयारी यात्रा भी है। प्रदेश में जब भी कोई कार्यक्रम होता है, खूंटी अव्वल रहता है। सभी कार्यकर्ता अभी से ही कार्यक्रम की सफलता के लिए चिंतन-मनन करें। बैठक में दक्षिणी प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, एसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग, कैलाश राम ,कृपा सिंधु बेहरा, इंदौरी गुड़िया, जगन्नाथ मुंडा, भागीरथ राय, जिला महामंत्री संजय साहू, निखिल कंडुलना जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, मीडिया सह प्रभारी महावीर राम के अलावा सभी मंडल अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पटेल चौक पर रोषपूर्ण प्रदर्शन, किया पुतला दहन

**साहिबगंज :** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा सार्वजनिक बयान देते हुए देश के आतंकी कहे जाने और महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ शिवसेना शिन्दे गुट के



विधायक संजय गायक वाड़ द्वारा राहुल गांधी का जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये का ईनाम दिये जाने संबंधी अमर्यादित बयान दिये जाने के विरोध में साहिबगंज जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा नगर के पटेल चौक पर रोषपूर्ण प्रदर्शन और दोनों नेताओं का पुतला दहन किया गया.कांग्रेसजनों ने रवनीत सिंह बिट्टू एवं संजय गायकवाड़ के खिलाफ जमकर नारे लगाए और केंद्र सरकार से दोनों नेताओं को बर्खास्त करने की मांग किया।प्रदर्शन में अनुकूल मिश्रा,मो कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव,अशोक पासवान सरफराज आलम,नित्यानंद गुप्ता,अनिल पांडे रामसिंगार ओझा,मो रिजवान,इखलाक नदीम,सब्दुल अंसारी अमित कुमार,अली कुरैशी,आदित्य ओझा,परवेज आलम,सतीश कुमार पासवान,मो निजामुद्दीन,मो कासिम,मो रहीम एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल रहे।

# कलवार संघ ने की भगवान बलभद्र का पूजनोत्सव

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बरहरवा :** ब्याहूत कलवार संघ द्वारा बरहरवा नगर पंचायत के कुशवाहा टोला स्थित आरबी पैलेस में भगवान बलभद्र पूजनोत्सव कार्यक्रम धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ गया।बरहरवा नगर एवं आस पास के कलवार समुदाय के लोगों द्वारा भारी संख्या में पहुँचकर अपने कुलदेवता की सुसज्जित मूर्ति की पूजा अर्चना भक्तिभाव के साथ करते हुए समाज की शुखशांति व समृद्धि की मंगल कामना की ,यहीं ब्याहुत कलवार संघ द्वारा भक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना के बाद भोग वितरण किया गया,सभी भक्तजनों ने भगवान बलभद्र के प्रसाद को ग्रहण किया व जयकारा लगाया।इस दौरान ब्याहुत कलवार संघ के अध्यक्ष उत्तम भगत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलवार समुदाय के लोग पूजनोत्सव कार्यक्रम में पहुँचे।समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ पाकुड़ के व्यवसायी सम्भु नंदन भगत को मंचाशीन कर संघ द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया,सभी ने समाज के कल्याण हेतु अपने अपने विचार प्रकट किए,इसी क्रम में महिला ब्याहुत समिति की संरक्षक शिखा भगत ने प्रस्ताव लिया कि बरहरवा में भी ब्याहुत भवन होना चाहिए इस प्रस्ताव पर सम्भु नंदन भगत ने पुरजोर समर्थन किया एवं एक लाख रुपये नगद राशि देने का वादा किया है।,कार्यक्रम के दौरान ,सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद,बच्चों,महिला, व ब्याहुत संघ की भूमिका सराहनीय रही ।भगवान बलभद्र मेहनत के प्रतीक है उनके पूजा अर्चना से समाज में ऊर्जात्मक प्रभाव पड़ता है,और भक्तिभावना का संचार होता है,मौके पर कलवार संघ के अध्यक्ष उत्तम भगत, उपाध्यक्ष संजय भगत, उपाध्यक्ष अयोध्या भगत, उपाध्यक्ष प्रदीप भगत, महासचिव परिजात भगत, सचिव दीपक भगत,जवाहर भगत, शिवकुमार भगत,कोषाध्यक्ष राहुल भगत, किशुन भगत,कमल भगत, रामलखन भगत,बद्री भगत, राधाकृष्ण भगत सहित कलवार समुदाय के सैकड़ो श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर हुई बैठक

मेट्रो रेज



**बरहरवा :** झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम के उपस्थिति में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के इस्लामपुर स्थित आवास में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र आगमन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।जिसका मुख्य उद्देश्य झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र मे आगमन को कैसे यादगार बनाये जाने का है।इसके लिए क्षेत्र से आए गए कांग्रेस के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों को टास्क दिया गया कि वह क्षेत्र में जाकर लोगों को जानकारी दें। के हमारे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आ रहे हैं। उनका स्वागत पूरे जोर शोर से किया जाए ताकी हमारे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की कमी महसूस ना,क्योंकि आलमगीर आलम ने कहा था। कि हमारा हर एक कार्यकर्ता आलमगीर आलम है। तो हमें उनके अनुपस्थिति में उनके सारे प्रोग्राम को हमें ही सफल बनवाना है। हर एक कार्यकर्ता को आलमगीर आलम बनके कार्यक्रम को सफल बनाना है इस वक्तब्य का सारे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने जोरो शोर से हमी भारी के हम तैयार हैं। हर एक लड़ाई के लिए हर एक कार्यक्रम के लिए और कांग्रेस के लिए एवं हमारे अभिभावक पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के लिए।मौके पर जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास,प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब रब्बानी, मो नसीरूदीन, कमल आर्य,मोफ्ककर हुसैन,पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारि, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, सोशल मीडिया के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, एनएसयूआई के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिवसेना विधायक संजय गायकवाड का कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

मेट्रो रेज



**जामताड़ा :** महाराष्ट्र के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेसियों में उबाल है। इसे लेकर कांग्रेस की ओर से जगह-जगह प्रदर्शन किया जा रहा है। इस क्रम में जामताड़ा में भी कांग्रेसियों ने संजय गायकवाड के बयान का विरोध जताया। झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री सह जामताड़ा से कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने शहर के सुभाष चौक पर संजय गायकवाड का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि संजय गायकवाड ने केंद्र सरकार के इशारे पर इस तरह की बयानबाजी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा के इशारे पर इस तरह का बयान देने का आरोप लगाया है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि इस बयान से सिर्फ राहुल गांधी का अपमान नहीं हुआ है, बल्कि पूरी देश की जनता का अपमान हुआ है और इसका बदला कांग्रेस लेकर रहेगी।

इस दौरान मंत्री इरफान ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा राहुल गांधी पर दिए गए बयान भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनाते हैं और आप प्रधानमंत्री की चमचागिरी करते हैं। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा राहुल गांधी गरीबों के आंसू पोछते हैं। जिस परिवार ने देश के लिए बलिदान दिया, वैसे परिवार के खिलाफ इस तरह का बयान कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।


मंत्री इरफान अंसारी के काफिले और कांग्रेस के कार्यक्रम को लेकर घंटों सड़क जाम रही। इस कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# आरपीएफ ने 130 बोतल अवैध शराब किया बरामद

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** मालदा रेल डिविजनल अंतर्गत बरहरवा आरपीएफ को मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना मिली की ट्रेन नंबर 15658 अप के जनरल कंपार्टमेंट में अवैध शराब तस्करी कर ले जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में, सीपीडीएस टीम सहायक उपनिरीक्षक आर के तिवारी, हेडकंस्टेबल धर्मेंद्र कुमार,कांस्टेबल के प्रल्यांकर, कांस्टेबल सुमन कुमार और आरपीएफ टीम बरहरवा सहायक उपनिरीक्षक जे के दुबे के साथ मिलकर संयुक्त रूप से छापेमारी की।जब ट्रेन नंबर 15658 बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर झ01 पर आई तो बताए गए जनरल कंपार्टमेंट-एनएफआर 227554 को चेक किया गया तो देखा कि एक काले रंग का पिट्ठू बैग सीट के नीचे पड़ा था।ट्रेन में बैठे पैसेंजर से पूछ ताछ किया गया तो किसी ने भी अपना होना नही बताया और न ही कीसी ने उक्त बैग की जिम्मेवारी ली। तत्पश्चात बाद बैग को खोल कर चेक किया गया तो उसमे देखा की 180एमएल के 130 पीस ऑफिसर्स चॉइस का फॉरेन लिकर्स पाउच मिला।जिसकी प्रत्येक पाउच की कीमत 150/झ रुपए थी।उसके बाद इसे जब्त कर आरपीएफ ऑफिस बरहरवा लाया गया और एक्साइज डिपार्टमेंट साहिबगंज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।कुल 130 पीस ऑफिसर्स चॉइस की कीमत 19,500 है।ज्ञात हो कि इन दिनों अवैध शराब की तस्करी बिहार के लिए ट्रेनों के माध्यम से चोरी छिपे की जा रही है,जिसपर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार तस्करों के खिलाफ कार्यवाही तस्करों के मंसूबो पर पानी फेर रही है।बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि रेलवे परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधयों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।पकड़े जाने पर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।




## 'द बकिंघम मर्डर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाई धूम, 7.81 करोड़ का आंकड़ा पार

'द बकिंघम मर्डर्स' अपनी ग्रिपिंग कहानी, रोमांचक क्लाइमैक्स, और करीना कपूर खान की शानदार परफॉर्मेंस के साथ हर जगह छा गया है। शानदार माउथ पब्लिसिटी के साथ फिल्म को दर्शकों और आलोचकों से भारी सराहना मिल रही है। इसने अब तक कुल 7.81 करोड़ की कमाई की है, जो एक रहस्य थ्रिलर जैसे विशेष दर्शक वर्ग के लिए एक अच्छा आंकड़ा है।

फिल्म ने शुक्रवार को पहले दिन 1.62 करोड़, शनिवार को दूसरे दिन 2.41 करोड़ और रविवार को तीसरे दिन 2.72 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन 1.06 करोड़ की कमाई के साथ फिल्म का कुल नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 7.81 करोड़ पहुंच गया है। सिनेमा हॉल में 13 सितंबर को रिलीज हुई 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर खान, आश तंदन, रणवीर ब्रार और कीथ एलेन जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। इसे हंसल मेहता ने निर्देशित किया है और इसे आसिम अरोड़ा, काश्यप कपूर, और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। बालाजी टेलीफिल्म्स ने प्रस्तुत किया है और शब्बा कपूर, एकता आर कपूर, और पहली बार प्रोड्यूसर करीना कपूर खान ने निर्मित किया है।



# कभी नहीं देखी दीपिका की फिल्म नवाजुद्दीन सिद्दीकी का चौंकाने वाला बयान



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'बजरंगी भाईजान' जैसी कई फिल्मों में अपनी छाप छोड़ी। नवाजुद्दीन की प्रतिभा वाकई काबिले तारीफ है। नवाजुद्दीन ने हाल ही में एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज तक दीपिका पादुकोण की कोई फिल्म नहीं देखी है। वैसे ही महिलाओं को लेकर भी टिप्पणी की।

नवाजुद्दीन इन दिनों फिल्म 'सैंया की बैंगक' का प्रमोशन कर रहे हैं। दिए एक इंटरव्यू में उनसे कुछ मशहूर हस्तियों के नाम पूछे गए और वह उन्हें कौन से हैशटैग देंगे। दीपिका पादुकोण का नाम आने पर नवाजुद्दीन ने कहा, 'मैंने दीपिका की फिल्में नहीं देखीं, उनका काम नहीं देखा। इसलिए उसके बारे में कुछ नहीं कह पाऊंगा।' नवाजुद्दीन के इस बयान से हर कोई हैरान है।

नवाजुद्दीन ने अवनीत कौर की तारीफ की। उन्होंने पिछले साल अवनीत के साथ फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में काम किया था। अवनीत एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। जिस तरह से उन्होंने इतनी कम उम्र में अपने करियर की शुरूआत की है, आत्मनिर्भर है।' उन्होंने इन शब्दों में अवनीत की तारीफ की। लेकिन दीपिका और श्रद्धा के बारे में एक भी शब्द नहीं। नवाजुद्दीन के इंटरव्यू पर मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोगों ने नवाज को बहुत घमंडी भी कहा है। कुछ ने उनका समर्थन किया है।





# कंगना रनौत ने फिर बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के शोषण लगाया का आरोप

एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने एक बार फिर बॉलीवुड की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बॉलीवुड यानी हिंदी सिनेमा में अभिनेत्रियों का शोषण किया जा रहा है। ये बयान उन्होंने एक इंटरव्यू में दिया है उन्होंने इंटरव्यू में कहा, ₹अगर मैं करण जौहर को चाचा चौधरी कहूं तो क्या गलत है? करण जौहर का धर्म क्या है ? मैं किसी से बात नहीं कर रही हूं, लेकिन हिंदी सिनेमा में क्या होता है ये सभी जानते हैं। यहां हवाला, ड्रग्स सब चलता है। जब मेरा जन्म भी नहीं हुआ था, तब 1986 से पहले हिंदी सिनेमा में लोग दाऊद के साथ घूम रहे थे, क्या यह मेरी गलती है? मेरे पिता जी कांग्रेस में थे। जब मैंने गैंगस्टर फिल्म की तो कांग्रेस ने मुझे एमएलए का टिकट ऑफर किया।

**अभिनेत्रियों का शोषण किया जाता है**

बॉलीवुड में अभिनेता ही अभिनेत्रियों का शोषण करते हैं। रात के खाने के लिए बुलाना, उनके घर जाना, संदेश भेजना, क्या आप जानते हैं इसके बाद क्या होता है? अगर फिल्म में कोई लव सीन हो तो बात अलग होती है लेकिन सबसे ज्यादा शोषण अभिनेता, हीरो ही करते हैं। खान हो या कुमार, मुझे किसी से कोई दिक्कत नहीं है।'

### अभिनेत्रियों को बिल्कुल भी सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है

कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गई। कितनी भयानक घटना है। मुझे रेप की धमकी दी गई। समाज में भी महिलाओं का सम्मान नहीं किया जाता। फिल्म इंडस्ट्री भी इससे अलग नहीं है, अगर कोई लड़की कॉलेज में जाती है तो उसकी बॉडी पर कमेंट किए जाते हैं। सिनेमा में हीरो कोई अलग नहीं है। मैं अकेली नहीं हूं, जिसने बॉलीवुड में शोषण होने की बात कही है। फिल्म इंडस्ट्री की बेहतरीन कोरियोग्राफर रहीं सरोज खान ने भी कहा था, 'बॉलीवुड में रेप होते हैं, लेकिन रोटी का मतलब खाना है।' अभिनेत्रियों के साथ इतने निचले स्तर का व्यवहार किया जाता है। अभिनेत्रियों की ऐसी दुर्दशा हो चुकी है।

### सलमान, शाहरुख के साथ काम नहीं किया तो क्या आसमान टूट पड़ा

अगर मैं सलमान खान और शाहरुख खान के साथ काम नहीं करूंगी तो क्या फर्क पड़ेगा । एक समय था जब मैंने सोचा था कि मैं उनके साथ काम करूंगी, लेकिन दस साल में मुझे कई बार रिजेक्ट किया गया। मैंने आइटम गाने, कॉमेडी सीन करने का काम नहीं किया है। मैंने अपनी पहचान बना ली है। सलमान खान और शाहरुख खान क्या हैं ? अगर आप उनके साथ काम नहीं करेंगे तो क्या आसमान टूट पड़ेगा? ऐसा सवाल कंगना ने भी उठाया था। अगर मुझे लगता है कि मैं अपने अस्तित्व के साथ ठीक हूं तो इसमें गलत क्या है?

## 'बिग बॉस 18' का प्रोमो रिलीज अभिनेता सलमान करेंगे होस्ट




बिग बॉस को छोटे पर्दे पर सबसे लोकप्रिय और उतना ही विवादास्पद शो के रूप में देखा जाता है। सलमान खान के बिग बॉस 18 की चर्चा हो रही है। अब आखिरकार बिग बॉस 18 का पहला प्रोमो वीडियो रिलीज हो गया है। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर काफी चर्चा थी कि सुपरस्टार सलमान खान इस सीजन को होस्ट करेंगे या नहीं, लेकिन पहले प्रोमो वीडियो ने प्रशंसकों को इस सवाल का जवाब दे दिया है कि भाई जान बिग बॉस 18 को होस्ट करेंगे। चैनल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर बिग बॉस 18 का प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो में बैकग्राउंड में सलामान खान की आवाज सुनाई दे रही है। सलमान कहते नजर आ रहे हैं कि 'कंटेस्टेंट्स की किस्मत बिग बॉस के घर में देखी जाएगी, अभी वक्त है।' बिग बॉस 18 के इस पहले और नए प्रोमो वीडियो में घड़ी की सूइयां और नंबर घूमते हुए दिखाए गए हैं। इसी बीच बिग बॉस की नजर दिखाई देती है जो हर चीज पर नजर रखे हुए हैं। अब तक जहां बिग बॉस की आंखों को थोड़ा टेक्निकल तरीके से दिखाया जाता था, वहीं इस बार आंखों का लुक दिया गया है। ताकि यह वास्तविक लगे। बिग बॉस 18 का ये प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस प्रोमो से कई लोग अलग-अलग भविष्यवाणी कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया कि 'मैं फैजू को बिग बॉस में देखने के लिए काफी एक्साइटेड हूं।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया है कि 'यह सीजन बेहद रोमांचक है।'

### कौन-कौन से प्रतियोगी लेंगे भाग

जब से अनिल कपूर ने बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 की शूटिंग की, तब से लोग अनुमान लगा रहे थे कि सलमान खान बिग बॉस सीजन 18 की मेजबानी नहीं करेंगे। हालांकि, अब सलमान खान ने एक प्रोमो शूट कर इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। शो के कंटेस्टेंट्स की बात करें तो सोशल मीडिया पर कुछ नामों की चर्चा हो रही है। इनमें एक नाम टीवी एक्टर अर्जुन बिजलानी का भी है। अभी तक मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल लिस्ट सामने नहीं आई है। इसके चलते सारा ध्यान इस बात पर है कि और कौन-कौन से प्रतियोगी हिस्सा लेंगे।

# बुरे दौर से गुजर रहा है अनुपमा सीरियल!

## सुधांशु पांडे के बाद काव्या का किरदार निभाने वाली मदालसा शर्मा ने छोड़ा शो

स्टार प्लस के शो अनुपमा में काव्या के रूप में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री मदालसा शर्मा ने शो छोड़ दिया है। अनुपमा में काव्या का किरदार निभाने वाली मदालसा शर्मा ने खुलासा किया कि उनके सह-कलाकार सुधांशु पांडे की तरह अचानक ने शो को छोड़ने का फैसला नहीं कि बल्कि पिछले कुछ समय से यह बात उनके दिमाग में थी। एक विशेष बातचीत में, उन्होंने बताया कि उन्होंने आगे बढ़ने का फैसला क्यों किया।

**अभिनेत्री मदालसा शर्मा उर्फ काव्या ने रूपाली गांगुली का शो छोड़ा**

राजन शाही द्वारा निर्मित अनुपमा टीवी सीरियल में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सुधांशु पांडे जिन्होंने वनराज शाह की भूमिका निभाई थी, अचानक शो से बाहर हो गए। प्रशंसक यह जानकर हैरान रह गए कि टीवी सीरियल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुधांशु ने शो छोड़ दिया है। रूपाली गांगुली और राजन शाही के साथ उनके झगड़े की कई अफवाहें सुर्खियों में रहीं। उनके शो छोड़ने के बाद, अब एक और स्टार ने शो छोड़ने की पुष्टि की है। काव्या की भूमिका निभाने वाली मदालसा शर्मा ने अब अनुपमा छोड़ दी है।

**एक्ट्रेस ने बताया कि आखिर उन्होंने अनुपमा को क्यों छोड़ दिया है?**

अभिनेत्री मदालसा शर्मा ने ऐलान किया कि शो छोड़ने का उनका फैसला उनके करियर को और आगे ले जाने के लिए एक सोचा-समझा फैसला है। मदालसा ने बॉम्बे टाइम्स को बताया, ₹मेरे किरदार में जबरदस्त विकास हुआ, लेकिन पिछले एक साल में मुझे लगा कि कहानी वनराज, काव्या और अनुपमा से आगे बढ़ गई है।₹ उन्होंने कहा, ₹मेरे किरदार में ज्यादा मसाला या चिंगारी नहीं बची थी।₹ सुधांशु पांडे के कुछ दिनों बाद, अभिनेत्री मदालसा शर्मा ने भी अनुपमा छोड़ दी है। काव्या की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री ने खुलासा किया कि रूपाली गांगुली-प्रमुख शो छोड़ने का उनका अचानक फैसला नहीं था।

**मदालसा शर्मा ने कहा- शो में उनके किरदार का निकल गया था दम**

हाल ही में एक साक्षात्कार में, अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्हें लगा कि कहानी वनराज, काव्या और अनुपमा से आगे बढ़ गई है। बॉम्बे टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में, मदालसा ने दावा किया कि काव्या के चरित्र ने अनुपमा के जीवन में एक उथल-पुथल ला दी थी जिसने सभी के लिए चीजें बदल दीं। उन्होंने कहा, ₹मेरे किरदार में जबरदस्त विकास हुआ, लेकिन पिछले एक साल में मुझे लगा कि कहानी वनराज, काव्या और अनुपमा से आगे बढ़ गई है। उन्होंने कहा, मेरे किरदार में ज्यादा मसाला या चिंगारी नहीं बची थी।₹ अभिनेत्री ने खुलासा किया कि अगर काव्या ग्रे किरदार निभाती रहतीं तो वह शो का हिस्सा बनी रहतीं। ₹पिछले कुछ महीनों से, क्रिएटिव टीम मेरे किरदार के साथ कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।₹ उन्होंने दावा किया कि उन्होंने शो के निमार्ता राजन शाही के साथ मिलकर आगे बढ़ने का फैसला किया।




# अल नासर ने कोच लुइस कास्त्रो के क्लब छोड़ने की घोषणा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सऊदी क्लब अल नासर ने निराशाजनक ड्रा के साथ अपने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट अभियान की शुरूआत करने के एक दिन बाद मंगलवार को पुर्तगाली कोच लुइस कास्त्रो के जाने की घोषणा की। सोमवार को एशियाई प्रतियोगिता में इराक के अल शॉर्टा के साथ 1-1 के ड्रा के कारण क्लब के घरेलू सत्र की धीमी शुरूआत हुई। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा गया, 'अल नासर घोषणा करता है कि मुख्य कोच लुइस कास्त्रो ने क्लब छोड़ दिया है। अल नासर में हर कोई लुइस और उनके कर्मचारियों को पिछले 14 महीनों के दौरान उनके समर्पित काम के लिए धन्यवाद देना चाहता है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।' 63 वर्षीय कास्त्रो रोनाल्डो के 2023 की शुरूआत में क्लब में आने के बाद अल नासर को छोड़ने वाले तीसरे कोच हैं। फ्रांसीसी रूडी गार्सिया उस अप्रैल में तुरंत चले गए, उसके बाद पिछले साल जुलाई में कास्त्रो की नियुक्ति से पहले क्रोएशियाई कोच डिंको जेलिकिक ने क्लब में एक संक्षिप्त कार्यकाल बिताया।

रोनाल्डो ने अभी तक रियाद क्लब के साथ सऊदी ट्रॉफी नहीं जीती है, उनका एकमात्र खिताब पिछले साल का अरब क्लब चैंपियंस कप है। अल नासर, जो पिछले सऊदी प्रो लीग सीजन में दूसरे स्थान पर रहे थे, ने नए अभियान की शुरूआत में तीन मैचों में दो बार ड्रॉ खेला है।



## भारतीय हॉकी टीम ने बनाया इतिहास, 5वीं बार जीता एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब, चीन को हराया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया. इस निर्णायक मुकाबले में भारत के लिए एकमात्र गोल जुगराज सिंह ने किया, जो अंततः विजयी साबित हुआ. भारत ने कुल पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है. चीन ने पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और उससे पहले ही बार में शिकस्त मिली है। भारत की टीम ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक 25 गोल किए थे, जबकि चीन ने इस दौर में केवल 10 गोल किए थे। हालांकि, फाइनल में चीन ने भारत को कड़ी चुनौती दी, लेकिन भारतीय टीम ने अपने शानदार खेल से जीत दर्ज की। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ भारत ने एक बार फिर अपने हॉकी कौशल और टीम स्पिरिट का लोहा मनवाया है। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय हॉकी टीम ने कोरिया को 4-1 से शिकस्त दी थी। सेमीफाइनल में कोरियाई टीम के खिलाफ हरमनप्रीत सिंह, उत्तम सिंह और जरमनप्रीत सिंह ने गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत ने कुल दो गोल किए थे।

## गंभीर, कोहली ने क्रिकेट करियर और पिछली प्रतिद्वंद्विता पर खुलकर की चर्चा, बीसीसीआई ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला से पहले क्रिकेट की दो सबसे मजबूत हस्तियों, विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच एक विशेष साक्षात्कार का आयोजन किया। बुधवार को जारी इस साक्षात्कार में कोहली और गंभीर ने अपने अतीत, अपने गहन आईपीएल मुकाबलों और मीडिया और प्रशंसकों द्वारा उनके चारों ओर बनाए गए सर्कल से आगे बढ़ने पर चर्चा की। दोनों खेल दिग्गजों के बीच यह बातचीत बांग्लादेश के खिलाफ भारत की दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले हुई है। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए टीजर में कोहली ने गंभीर के साथ लंबे समय से चले आ रहे तनाव को लेकर बातचीत की शुरूआत करते हुए कहा, ₹तो हम यहां हैं। हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और सभी मसाला खत्म कर रहे हैं। गंभीर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ₹यह बातचीत की अच्छी शुरूआत है,₹ और दोनों खिलाड़ी एक साथ हंस पड़े। साक्षात्कार के दौरान, गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया में कोहली के शानदार प्रदर्शन को याद किया, जहां कोहली की बल्लेबाजी शानदार थी, जिससे उन्हें क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया। बदले में, कोहली ने गंभीर से पूछा कि वह मैदान पर हंसी-मजाक के बीच 'जोन' में कैसे बने रहने में कामयाब रहे, एक सवाल जिसके कारण खेलों में मानसिक लचीलेपन पर एक व्यावहारिक चर्चा हुई। गौतम गंभीर ने हास्य के स्पर्श के साथ, सवाल को वापस कोहली की ओर टाल दिया, उन्होंने कोहली के मैदान पर कई विवादों पर बात की और सुझाव दिया कि कोहली इस बात का जवाब देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं कि बाहरी बातचीत किसी खिलाड़ी के फोकस को कैसे प्रभावित करती है। कोहली और गंभीर का एक समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने 2011 में भारत की एकदिवसीय विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टूनार्मेंट के दौरान, गंभीर ने अपने प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी युवा विराट कोहली को सौंपी, जो दो अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्रिकेटरों के बीच एक बंधन की शुरूआत थी।



# लेबनान में पेजर धमाकों में 11 लोगों की गई जान

## 2700 से अधिक लोग घायल, इनमें 200 की हालत नाजुक

एजेंसी

**बेरूत (लेबनान)।** लेबनान पेजर विस्फोट दहल गया है। मंगलवार को हुए इन धमाकों में अब तक 11 लोगों की जान चली गई। आतंकी समूह हिजबुल्लाह के गुर्गों के हजारों पेजर एक साथ फट गए। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य मीडिया को बताया कि इन धमाकों में कम से कम 11 लोग मारे गए और 2,700 से अधिक घायल हुए।



### हमास का साथ दे रहा है हिजबुल्लाह

फिलहाल इस घटनाक्रम पर इजराइली सेना ने किसी भी तरह की टिप्पणी करने से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि हमास ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल पर हमला किया था। इसके बाद गाजा में युद्ध शुरू हो गया। इस युद्ध में हिजबुल्लाह ने अपने सहयोगी हमास के समर्थन में इजराइल के खिलाफ हमले किए।

### हिजबुल्लाह ने इजराइल को दोषी ठहराया

लेबनान के समाचार पत्र एल'ओरिएंट टुडे के अनुसार, अधिकतर पेजर विस्फोट बेरूत के दहिह, दक्षिणी लेबनान के टायर, नबातिह और मरजायून और बेका में हुए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, 2,750 लोगों के घायल होने की सूचना है। इनमें 200 की हालत गंभीर है। घायलों में हिजबुल्लाह के लड़ाके और चिकित्सक शामिल हैं। बताया गया है कि यह धमाके दोपहर 3:45 बजे के बाद से एक घंटे तक लगातार होते रहे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, कुछ विस्फोट सुपर मार्केट जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी हुए।

### ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस घटना में लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी घायल हुए हैं। आतंकवादी संगठन हिज्बुल्लाह ने पेजर विस्फोट के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है। उल्लेखनीय है कुछ महीने पहले ही हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्ला ने अपने लड़ाकों से स्मार्टफोन का इस्तेमाल न करने की अपील की थी। नसरुल्ला का कहना था कि इजराइल के पास स्मार्टफोन को हैक करने या उसमें से जानकारी निकालने की तकनीक है। समझा जा रहा है कि इस वजह से ही हिजबुल्लाह ने संचार माध्यम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन की जगह पेजर का सहारा लिया। ...और यही पेजर अनेक निदोर्षों की जान के दुश्मन बन गए।

### ताइवान के हैं पेजर

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, अमेरिकी और अन्य अधिकारियों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने ताइवान की एक कंपनी से पेजर और बीपर्स मंगवाए थे। उनमें बहुत कम मात्रा में विस्फोटक लगाया गया। इन अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने मंगलवार को लेबनान में आयात किए गए ताइवान निर्मित पेजर के एक नए बैच के भीतर विस्फोटक सामग्री छुपाकर हिजबुल्लाह के खिलाफ अपना अभियान चलाया।

## लेबनान पहुंचने से पहले इनमें की गई छेड़छाड़

कुछ अधिकारियों के अनुसार, हिजबुल्लाह ने ताइवान में गोल्ड अपोलो से जो पेजर मंगवाए, उनके लेबनान पहुंचने से पहले ही उनमें छेड़छाड़ की गई। अधिकांश पेजर कंपनी के एपी924 मॉडल के थे। इस शिपमेंट में तीन अन्य गोल्ड अपोलो मॉडल भी शामिल थे। दो अधिकारियों का दावा है कि प्रत्येक पेजर में बैटरी के बगल में एक से दो औंस जितना विस्फोटक पदार्थ लगाया गया। एक स्विच भी लगाया गया, जिसे विस्फोट करने के लिए दूर से चालू किया जा सकता था।

ऐसे अभियानों के विशेषज्ञ दो अधिकारियों ने कहा कि लेबनान में दोपहर 3:30 बजे पेजर में एक संदेश आया। समझा गया कि यह संदेश हिजबुल्लाह नेतृत्व का है। मगर इस संदेश ने विस्फोटकों को सक्रिय कर दिया और इसके बाद हुए धमाकों से दुनिया दहल गई।

# दिल्ली के बापा नगर में तीन मंजिला मकान का आधा हिस्सा गिरा, 12 घायल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मध्य जिले के करोलबाग स्थित बापा नगर में बुधवार सुबह तीन मंजिला एक मकान आधा हिस्सा गिर गया। इसमें कई लोग दब गए। समाचार लिखे जाने तक 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्ष वर्धन के अनुसार बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बापा नगर में तीन मंजिला एक मकान गिर गया है। उसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोपहर 12.30 बजे तक 12 लोगों को मलबे से बाहर निकाला जा चुका है। इन सभी घायलों का आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सूचना मिलते ही जिलाधिकारी से बात कर पीड़ितों को हर संभव राहत पहुंचाने को कहा है। उन्होंने बताया कि इस हादसे को लेकर उन्होंने दिल्ली नगर निगम के मेयर से भी बात की है। उन्होंने कहा कि इस साल बहुत बारिश हुई है, ऐसे में इस तरह के हादसे होने की आशंका लगातार बनी हुई है।उन्होंने दिल्ली वासियों से आग्रह किया कि जिस किसी मकान में हादसे की आशंका हो तो तत्काल प्रशासन और निगम को सूचना दें।

## अमेठी में जंगली जानवर के हमले में 12 लोग घायल, वन विभाग की टीमें रेस्क्यू में जुटी

**अमेठी।** जिले में लगातार जंगली जानवर के हमले का खतरा बना हुआ है। जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण डरे और सहमे हुए हैं। जिले भर में अभी तक जंगली जानवर 24 से अधिक लोगों को काटकर जख्मी कर चुका है। बुधवार की सुबह पांच से 5:30 बजे के बीच मुंशीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरारी लक्षनशाह, पांडेय का पुरवा और तुलसीपुर गांव के 12 से अधिक लोगों को अपना निशाना बनाया। इस दौरान हमलावर जानवर ने सभी को काट कर घायल कर दिया है। ग्रामीण राम सुमेर बताते हैं कि सुबह करीब 5:30 बजे नहर की पटरी पर शौच के लिए जा रहा था तभी जंगली जानवर में अचानक हमला कर दिया। वह जंगली जानवर पहले आसपास कहीं पर दिखाई नहीं पड़ा लेकिन जब मैं पहुंचा तो अचानक छलांग लगाकर उसने मेरे ऊपर हमला कर दिया, जिससे मैं गिर पड़ा। जब तक मैंने उसको पकड़ने की कोशिश की तब तक उसने मेरे सिर और हाथ में काट लिया। किसी तरह से मैंने जान बचाई और इस बीच वह भाग खड़ा हुआ। 16 वर्षीय खुशबू बताती है कि उस जंगली जानवर का रंग चितकबरा था और कुत्ते की ऊंचाई का था। उसने खुशबू के हाथों और पैरों में काट कर घायल कर दिया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### टाटा ईवी ने इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतों में कटौती कर फेस्टिवल ऑफ कार्स का जश्न मनाया

**रांची :** टाटा ईवी ने अपने फेस्टिवल ऑफ कार्स के तहत टियागो-ईवी, पंच-ईवी और नेक्सॉन-ईवी की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। यह अब तक की सबसे बड़ी कटौती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अब ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में हों, इसके लिए नेक्सॉन-ईवी की कीमत में 3 लाख रुपये तक और पंच-ईवी की कीमत में 1.20 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने इस फेस्टिव ऑफर की घोषणा करते हुए कहा कि टाटा ईवी का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक गाड़ियों को ज्यादा सुलभ और आम लोगों के लिए उपलब्ध कराना है। हम थोड़े समय के लिए इन कारों की कीमतों में कटौती करके ईवी को पेट्रोल और डीजल कारों की कीमतों के बराबर ला रहे हैं, ताकि ज्यादा लोग इसे अपना सकें। अब ग्राहक हमारे हाई परफॉर्मेंस वाली, शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली, और बिना शोर की इलेक्ट्रिक गाड़ियों का आनंद उठा सकते हैं। इन गाड़ियों की ड्राइविंग भी किफायती होगी, और उन्हें मुफ्त पब्लिक चार्जिंग का फायदा भी मिलेगा। हम ग्राहकों को ईवी क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं और ज ज्.मअ शोरूम में आने के लिए स्वागत करते हैं। टाटा ईवी ने स्थानीयकरण और तकनीकी सुधारों से मिले फायदे सीधे ग्राहकों तक पहुंचाए हैं। हाल ही में लॉन्च हुई की कीमतें भी अब पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के बराबर हो गई हैं। नेक्सॉन-ईवी की कीमत भी थोड़े समय के लिए पेट्रोल और डीजल मॉडल के बराबर कर दी गई है। साथ ही, पंच-ईवी और टियागो-ईवी की कीमतें भी इस फेस्टिव ऑफर के तहत पेट्रोल-डीजल मॉडल्स के करीब आ गई हैं। इन आकर्षक कीमतों के अलावा, उपभोक्ता को इलेक्ट्रिक कार की आरामदायक और शांत ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा, साथ ही दो सेगमेंट ऊपर के फीचर्स का भी आनंद उठा सकेंगे।

### सैमसंग टीवी प्लस ने चैनल लाइनअप का किया विस्तार

**रांची:** सैमसंग टीवी प्लस, जो भारत में सैमसंग का फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी सर्विस है, ने इंडिया टीवी ग्रुप के साथ मिलकर चार नए चैनल लॉन्च किए हैं। इस साझेदारी के तहत, इंडिया टीवी ग्रुप के खास सीटीवी चैनल्स - इंडिया टीवी, इंडिया टीवी स्पीड न्यूज, इंडिया टीवी आप की अदालत, और इंडिया टीवी योगा अब सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध होंगे। अब दर्शक आसानी से न्यूज, करंट अफेयर्स, फिटनेस और मनोरंजन के बेहतरीन कार्यक्रम देख सकते हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक फ्री स्ट्रीमिंग सर्विस है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है। यह सर्विस न्यूज, खेल, मनोरंजन समेत कई प्रकार के 100 से अधिक लाइव चैनल्स और हजारों फिल्में और शोज ऑन-डिमांड उपलब्ध कराती है। सैमसंग टीवी प्लस के हेड ऑफ पार्टनरशिप्स, कुणाल मेहता ने कहा, 'सैमसंग टीवी प्लस हमेशा अपने दर्शकों तक फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी के जरिए बेहतरीन कंटेंट पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। हम अपने उपभोक्ताओं को ऐसा कंटेंट देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उनके लिए दिलचस्प और उपयोगी हो। इंडिया टीवी ग्रुप के चार नए चैनलों को जोड़ना हमारे इस विजन को दिखाता है कि हम उच्च गुणवत्ता और विविधतापूर्ण कंटेंट प्रदान करना चाहते हैं।

### अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त करने का ऐलान किया है। कुमार मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी की जगह लेंगे। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगे।

कंपनी ने बुधवार को शीर्ष नेतृत्व में बदलाव की जानकारी देते हुए कहा है कि समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त किया गया है। अमेजन ने कहा कि भारत के मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी के इस्तीफे के बाद कंपनी ने यह फैसला लिया है। कुमार इस बदलाव पर मनीष तिवारी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अमेजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने एक आंतरिक ई-मेल में कहा कि 25 साल का अनुभव रखने वाले समीर कुमार अब कंपनी के भारत उपभोक्ता व्यवसाय की देख-रेख करेंगे, क्योंकि अमेजन इंडिया के वर्तमान 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी ने अमेजन के बाहर अवसर तलाशने का फैसला किया है। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी अपनी जिम्मेदारियों को संभालेंगे। कुमार 1999 में अमेजन में शामिल हुए थे। वह उस प्रमुख दल का हिस्सा हैं, जिसने 2013 में अमेजन डॉट इन Amazon.in की योजना बनाई और उसे पेश किया।

### राजगढ़:बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर की पत्रकार की हत्या,केस दर्ज

**राजगढ़।** जिले के सारंगपुर थाना क्षेत्र में सिविल अस्पताल रोड पर स्कूटी पर बैठे स्थानीय पत्रकार की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और पांच से छह संदेही आरोपितों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात पत्रकार सलमान अली अपने 9 वर्षीय बेटे के साथ अस्पताल रोड स्थित मेडीकल के सामने स्कूटी पर बैठे थे। तभी हाइवे तरफ से आए बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से पत्रकार सलमान अली की कनपटी पर पिस्टल से गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से घायल पत्रकार को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पत्रकार पर पिछले साल फरवरी माह में भी बदमाशों ने तलवार व चाकू से हमला किया था, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले में संदेही आरोपितों के खिलाफ धारा 103(1) ,3/5 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की।

### बलरामपुर जिले के आरा गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई पत्थरबाजी

**बलरामपुर/रायपुर।** बलरामपुर जिले के आरा गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई पत्थरबाजी में एक 15 वर्षीय लड़की को चोटें आई है। घटना के बाद से गांव में तनाव फैल गया। पुलिस ने हालात को देखते हुए चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जिसमें हशीब, इमाम, इत्तखाब, इस्लाम का नाम शामिल है। फिलहाल उक्त क्षेत्र में सामान्य स्थिति है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरा गांव में बीती देर शाम गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान अचानक हिंसा भड़क उठी।जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पत्थरबाजी के दौरान शीला यादव नामक युवती के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।घटना के बाद बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण बारियों पुलिस चौकी पहुंच गए।मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है और घटना की जांच कर रही है। राजपुर पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाली बारियों चौकी की पुलिस गांव में तैनात है। स्थानीय प्रशासन शांति बहाल करने के प्रयास कर रहा है ।

कोलकाता पुलिस कमिश्नर की पदोन्नति और निगम-इंदिरा के खिलाफ एक्शन नहीं लिए जाने से नाराज

# जूनियर डॉक्टर खत्म नहीं करेंगे आंदोलन

एजेंसी

**कोलकाता ।** कोलकाता पुलिस कमिश्नर और स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारियों को उनके पद से हटा दिए जाने के बावजूद जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन खत्म नहीं होगा। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि कोलकाता पुलिस कमिश्नर को सजा देने के बजाय उनकी पदोन्नति की गई है। कोलकाता पुलिस के डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखर्जी जिन्होंने डॉक्टरों के आंदोलन को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम जिन्होंने संदीप घोष को तत्काल मेडिकल कॉलेज में नियुक्त किया था और उनकी भूमिका संदिग्ध रही है, उनके खिलाफ भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने घोषणा की है कि उनकी मांगे पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी ओर से बातचीत के रास्ते हमेशा खुले हैं और जितनी जल्दी इस मामले का समाधान हो सके, वह इसके लिए तैयार हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि उनकी मांगें पूरी तरह से न्यायसंगत हैं। जब तक उनकी सभी मांगे पूरी नहीं होंगी, वे धरने पर बने रहेंगे।

### छात्र संघ चुनाव की भी मांग

जूनियर डॉक्टरों की प्रमुख मांगों में से एक है कि रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन और छात्रसंघ का गठन हो। इस संबंध में डॉक्टरों की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से चर्चा भी हुई, लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका। डॉक्टरों का कहना है कि इस चुनाव के जरिए प्रतिनिधियों का चयन लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए ताकि भविष्य में आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसी घटनाओं को रोका जा सके।

### राज्य सरकार को फिर भेजा जाएगा पत्र

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने मंगलवार देररात बताया कि उनकी चौथी और पांचवीं मांगों के साथ ही स्वास्थ्य सचिव से संबंधित मुद्दों पर और चर्चा की आवश्यकता है। बुधवार सुबह तक राज्य सरकार को एक लिखित ज्ञापन भेजा जाएगा। डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि वे जल्द से जल्द इस गतिरोध को समाप्त कर काम पर लौटना चाहते हैं और इसके लिए तेजी से हल ढूंढने की आवश्यकता है।

## लालू प्रसाद समेत सात को ईडी के लैंड फॉर जॉब मामले में समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट आज लैंड फॉर जॉब मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया। स्पेशल जज विशाल गोगने ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव यादव समेत सातों आरोपितों को कोर्ट में सात अक्टूबर को पेश होने के लिए समन जारी किया है। कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, अखिलेश्वर सिंह, किरण देवी, हजारी प्रसाद राय, संजय राय और धर्मेंद्र सिंह को समन जारी किया है। इससे पहले कोर्ट ने 17 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने छह अगस्त को पहली पूरक चार्जशीट को दाखिल किया था। इसमें 11 लोगों को आरोपी बनाया है। साथ ही 96 दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में पेश किया गया है। पूर्व में 6 जुलाई को सुनवाई के दौरान ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर ने कहा था कि यह मामला काफी संवेदनशील है। उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिया था कि ईडी तय समय पर आरोप-पत्र दाखिल करेगा। उल्लेखनीय है कि सात मार्च को कोर्ट ने ईडी के मामले में राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 27 जनवरी को ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 9 जनवरी को ईडी ने इस मामले में पहली चार्जशीट को दाखिल किया था।




**राष्ट्रपति मुर्मू पहुंची जयपुर, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की अगवानी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार सुबह जयपुर पहुंची। राज्यपाल हरीभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मु के जयपुर पहुंचने पर हवाईअड्डे पर पुष्पगुच्छ भेंट कर अगवानी की।

# शुरूआती घंटे में शेयर बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव सीमित दायरे में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती घंटे में सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक रिकवरी करके कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचे, लेकिन इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। पहले एक घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।




शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर 2.58 प्रतिशत से लेकर 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेक महिंद्रा, विप्रो, इन्फोसिस, टीसीएस और एलटी माइंडट्री के शेयर 3.12 प्रतिशत से लेकर 2.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,329 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,125 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,204 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 42.53 अंक की कमजोरी के साथ 83,037.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक रिकवरी कर-के हरे निशान में 83,155.69 अंक के स्तर तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 11.92 अंक की मजबूती के साथ 83,091.58 अंक के स्तर पर कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 16.15 अंक की गिरावट के साथ 25,402.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक हरे निशान में 25,443.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 1.80 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 25,420.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 90.88 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 83,079.66 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 34.80 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,418.55 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# नई सरकार के 100 दिनों में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की है कई उपलब्धियां : अन्नपूर्णा देवी

## प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप महिला-नेतृत्व वाले विकास और बाल कल्याण को आगे बढ़ाने वाली उपलब्धियां

**मेट्रो रेज**

**रांची :** प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने और वीमेन-लेड डिवेलपमेंट पर जोर देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी प्रयास में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) ने जून से अगस्त 2024 तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। आज रांची में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में बोलते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कार्यनीतिक पहलों और नवीन कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय महिलाओं को सशक्त बनाने, बाल कल्याण सुनिश्चित करने और सभी के लिए अवसर बढ़ाने के लिए ढांचे को सुदृढ़ करना जारी रख रहा है।

इस दिशा में 29 अगस्त, 2024 को शी-बॉक्स की शुरूआत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह आईटी प्लेटफॉर्म कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है जिससे महिलाएं शिकायत दर्ज करने और उन्?हें ट्रैक करने में समर्थ होती हैं। यह पूरे देश में सुरक्षित कामकाजी वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए मंत्रालय पूरे भारत में आंगनवाड़ी-सह-क्रेच केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है जिससे वर्ष 2029 तक लाखों परिवारों को लाभ मिलेगा। ये केंद्र समग्र बाल देखरेख और शैक्षिक सेवाएं प्रदान करेंगे, बाल विकास के आधारभूत स्तंभों को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करेंगे तथा महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाएंगे।

आंगनवाड़ी प्रणाली को और सुदृढ़ करने के लिए मंत्रालय 10,000 सक्षम आंगनवाड़ियों का उन्नयन, घर ले जाने के लिए राशन की डिलीवरी पर नजर रखने के लिए दो-कारक प्रमाणीकरण प्रणाली का कार्यान्वयन और देश भर में पोषण परिणामों में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है इसी कड़ी मे 7वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ 1 सितंबर,2024 से हो गया है । इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया के बारे में जागरूक करना है। यह पूरक आहार, विकास और संवर्धन के साथ-साथ बाल्य वस्थाप देखरेख और शिक्षा के बारे में जागरूकता लाने में भी मदद करेगी।

**मंत्रालय की प्रगति के बारे में बताते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा:** ये उपलब्धियां एक ऐसे भविष्य के निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं, जहां महिलाएं भारत की विकास की कहानी को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। हर पहल के साथ, हम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, बच्चों का पोषण कर रहे हैं और ऐसे रास्ते बना रहे हैं जो माननीय प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि भारत में प्रत्येक महिला और बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर मिले। मंत्रालय महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना, युवा बालिकाओं पर लक्षित कौशल विकास की योजना इत्यादि के माध्यम से महिलाओं की गतिशीलता और आर्थिक स्वतंत्रता में सहयोग देने लिए प्रतिबद्ध है` मंत्रालय की प्रत्येक उपलब्धि देश को प्रधानमंत्री के महिला-नेतृत्व वाली प्रगति और समावेशी विकास के दृष्टिकोण को प्राप्त करने मे सहयोग करेगी ।

# हमें भी मिलती है इनसे प्रेरणा और चेतना



**बिनय मिश्रा**

**उम्र 104** वर्ष आज भी सामाजिक कार्यों के प्रति उत्तरदायित्व सहभागिता लोगों से मिलना जुलना उनके हाल-चाल जानना जैसी स्थिति भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख अभिभावक श्रीमती शारदा देवी की यह विशेषता लोगों को बरबस अपनी ओर खींच लेती है। हालांकि शारिरीक अस्वस्थता के कारण श्रीमती शारदा देवी अत्यधिक उम्र और शारिरीक अस्वस्थता के कारण चल फिर पाने में असमर्थ हैं किन्तु उनकी आत्मदृढ़ता और लोगों के बीच सहभागिता निभाने की ईच्छा शक्ति उन्हें औरों से भिन्न बनाया है। इस उम्र में भी उनकी याददास्त और बोलने की क्षमता अद्भूत है। लोगों को पहचानने के साथ-साथ उनकी स्मरण शक्ति भी काबिलेतारीफ है। 104वर्षीय दादी जी शारदा देवी की यह आत्मविश्वास का अद्भूत प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि वे अपने सभी पोतों को और परपोतों को भी भली भांति पहचानती है। परिजनों को देखकर वे काफी हर्षित और वशीभूत भी दिखती हैं। उनसे मेरी हमेशा मुलाकात भगेरिया निवास में होने के साथ-साथ भगेरिया परिवार के द्वारा आयोजित अन्य समारोह और कार्यक्रम में भी होता है उनकी आत्मीय लगाव मुझे काफी वसीभूत कर देता है। उनके साथ बिताये पल मुझे काफी सुकुन और आनन्द प्रदान करता है। उन्हें टहलाने और घुमाने का भी एक अलौकिक सुख है जो मुझे भगेरिया परिवार के द्वारा हमेशा प्रदान की गयी। मैं ऐसे असीम सुख मानने के साथ-साथ इस परिवार का ऋण भी समझता हूँ जो मुझे इस परिवार के द्वारा परिवार के माहौल और परिवार के सदस्य के समकक्ष ही मुझे हमेशा स्नेह और अपनापन मिला है। आज दादी जी के साथ बिताये गये पल मेरे लिए उपलब्धि से कम नहीं और दादी जी का स्नेह और आशीर्वाद का मिलना मेरे लिए सौभाग्य की ही बात है।

### पूर्वी सिंहभूम के कई गावों का हाल बेहाल

# 65 एकड़ में फैले धान की खेती बर्बाद

**बरसोल:** पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से गालूडीही डैम का पानी छोड़ना पड़ा है। नतीजा यह हुआ कि अब स्वर्णरेखा नदी एवं रांगड़ो नाला का जलस्तर बढ़ने से पानी उफान मार रहा है। स्वर्णरेखा नदी किनारे बसे चित्रेस्वर, रांगुनिया, पचंदो आदि जगहों पर नदी का पानी घुसते ही लगभग 65 एकड़ में फैले धान के खेत पूरी तरह डूब गये हैं। जिससे धान की फसल बर्बाद होने के आसार दिखाई पड़ने लगे हैं। बारिश का आलम यह है कि कुमार डुबि पंचायत



लोग अपने घरों कैद रहने को विवश हैं। इस गांव में रहने वाले खाना खाने के लिए तरस रहे हैं।

चित्रेस्वर, रांगुनिया, पचंदो क्षेत्र के किसानों ने मशीन से धान की पटवनी कर धनरोपनी किया था। लगातार बारिश हो रही से स्वर्णरेखा नदी का पानी भी बढ़ गया। जिससे रांगुनिया, चित्रेस्वर, बाघाकुल्हि गांव में पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। किसानों ने कहा कि अगर जल्दी ही पानी नीचे नहीं उतरा तो धान के पौधे सड़ जाएंगे।

यह बारिश किसानों के लिए लाभदायक नहीं है, निचले हिस्से में लगाये गये धान का पौधा बारिश के चलते सड़ जाने की संभावना है। इस तरह की बारिश फसलों के लिए हानिकारक है।

वहीं, बहरागोड़ा प्रखंड के एक पंचायत बारिश की वजह से घर में कैद होने से विवश हैं। मामला कुमार डूबि पंचायत का है। जहां मालकुंडा से प्रतापपुर जाने के लिए रांगड़ो खाल पर पुल नहीं बनने से लगभग 27 घरों के करीब 150 लोग अपने घर में ही फसें हुए हैं। स्थिति ये है कि इस गांव लोग खाना, पीना के लिए लोग तरस रहे हैं।

# चांडिल के 20 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

**चांडिल :** पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और लोग अपने घरों में कैद हो गए है। इधर लगातार बारिश के बीच सरायकेला-खरसवां जिला की स्वर्णरेखा नदी उफान पर है। स्वर्णरेखा नदी में पानी बढ़ने के कारण नदी से सटे खेत डूब गए है। जिससे धान के फसल भी डूब गए हैं। वही स्वर्णरेखा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए मंगलवार दोपहर तक चांडिल डैम की 12 रेडियल गेट को खोल दिया गया।

दोपहर तक चांडिल डैम का जलस्तर 182।35 मीटर पहुंच गया था। जिसको देखते हुए विभाग डैम के 13 रेडियल गेट में से 12 रेडियल को खोल दिया। जिसमें 7 रेडियल गेट को एक-एक मीटर, दो गेट दो-दो मीटर, एक गेट 2।15 मीटर, एक गेट 0।5 सेंटीमीटर, 1 गेट 15 सेंटीमीटर करके खोल दिया गया।



**चांडिल डैम के दर्जनों विस्थापित गांवो में घुसा पानी :** मंगलवार की सुबह तक झमाझम बारिश हुई। चांडिल डैम का जलस्तर काफी बढ़ने से ईचागढ़, पातकुम, कालीचामदा, कुम्हारी, उदाटांड़, ओड़िया, अंडा, मैंसाड़ा, बागसाई, लेप्सोडीह, बाबुचामदा, कारकीडीह, दुलमी, दयापुर, झापागोड़ा, बनगोड़ा, लावा, काशीपुर समेत दर्जनों घरों में डैम का पानी घुस गया। वही ईचागढ़-सिल्ली मार्ग व ईचागढ़ मुख्य मार्ग जलमग्न हो गया। इसके साथ ही आदि कई गांव में डैम का पानी घुस गया है।

डैम का पानी घुसने से मजबूरन ग्रामीण घर के सामानों के साथ सुरक्षित जगह की तलाश में निकल पड़े। ईचागढ़ मुख्य सड़क पर करीब तीन फीट से उपर पानी बहने लगा है। उसी जलमग्न सड़क से जान जोखिम में डालकर लोग नाव, टीयुव के सहारे मोटरसाइकिल, साइकिल व चार पहिया बाहन से दिनभर आवाजाही करते रहे। उक्त ईचागढ़-सिल्ली मार्ग सिल्ली, सोनाहातू, मिलनचोक, टीकर, पश्चिम बंगाल के बाघमुंडी, सुइसा, तोडांग आदि जगह के लोग चांडिल, चौका व जमशेदपुर के लिए प्रतिदिन आना जाना करते हैं।

चांडिल डैम के विस्थापित गांव ईचागढ़ में लबालब पानी भर गया है। जिससे कई घरों में पानी घुस गया है। ईचागढ़ गांव की मुख्य सड़क में पानी भर गया है। लोगों के दुकानों में पानी घुस गया है। जिससे लोगों की व्यवसाय ठप हो गया है। लबालब पानी भरने से लोग अपने अपने सामान ट्रेक्टर व अन्य वाहनों से लोड कर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहें है। उसी दौरन एक वृद्धा बह गई थी। जिसके बाद काफी मशक्कत से उसे बचाया गया। विस्थापितों ने टापू में रह कर रात गुजारा। मंगलवार सुबह को बाहर निकले तथा अपने सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। विस्थापित परिवार के लोग पंचायत भवन, स्कुल भवन व अन्य सुरक्षित स्थान में शरण लेकर डेम की जलस्तर घटने की इंतजार कर रहें है।

**182 मीटर से नीचे जलस्तर रखने की हुई थी बात, प्रशासन के आगे नहीं चली विधायक की बात :** इस साल मानसून को लेकर बीते 26 जुन 2024 को चांडिल के अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक हुई थी। बैठक में 182 मीटर के नीचे 181।69 मीटर के करीब डैम का जलस्तर को लेकर सहमति हुई थी। आपदा प्रबंधन की बैठक में स्वर्णरेखा परियोजना के पदाधिकारी 181।69 मीटर डैम का जलस्तर रखने की बातें कही थी।

विधायक सबिता महतो ने विभाग को 181 मीटर से नीचे रखने का निर्देश दिया था। जिसके बाबजूद विभाग ने हरसाल की तरह इस साल भी चांडिल डैम के विस्थापितों को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ित करने का काम किया है। विस्थापित ग्रामीणों ने कहा ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो ने सैकड़ो विस्थापितो को डुबाने का काम की है। विधायक यदि समय रहते चांडिल डैम के रेडियल गेट को खुलवाने का काम करती तो सैकड़ों विस्थापितों को घर बच सकता था।



## जला ट्रांसफार्मर मरम्मत होने पर ग्रामीणों ने झापा पार्टी के प्रति आभार जताया

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड स्थित कोचेडेगा लीची बगान में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के पहल पर महीनो से जला ट्रांसफार्मर का मरम्मत कराया गया। ट्रांसफार्मर के मरम्मत होने के बाद बिजली आने पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का के प्रति आभार व्यक्त किया और गांव में उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। मौके पर ग्रामीणों ने एक स्वर में विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी को मदद करने की बात कही। मुखिया शिशिर टोप्पो ने भी पूर्व मंत्री एनोस एक्का के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महीनो से ट्रांसफार्मर जला पड़ा था, लेकिन कोई भी ट्रांसफार्मर के मरम्मत के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहा था। एनोस एक्का के समक्ष समस्या को रखते ही उन्होंने तुरंत खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करवाया और गांव में बिजली बहाल हुई।

## कोलेबिरा प्रखण्ड में धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया गया



**कोलेबिरा :** विश्वकर्मा पूजा के दिन सुबह से ही अपने अपने वाहनों दुकानों में लोहे या सामग्री की पूजा की गई।लचरागढ़ के दुकानों में विश्वकर्मा पूजा कर संध्या में छोटे बच्चों ने डांस कर अपना हुनर दिखाया, बारिश के कारण ज्यादा बच्चों ने हिस्सा नहीं ले पाए सचिन वेल्डिंग लचरागढ़ ने बताया कि बारिश नहीं होती तो इस वर्ष भी पूजा करने के बाद डांस का आयोजन रखा जाता परन्तु इस वर्ष बारिश के कारण बूगी बूगी कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया बच्चे सुबह से ही अपने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आ रहे थे लेकिन अगले विश्वकर्मा पूजा में बढ़ चढ़ कर प्रोग्राम और पूजा कराया जाएगा।

## अतित के झारोखों से : समाजसेवी गुरूमुख सिंह खोखर हमेशा अधिकारियों को किया है सम्मानित



**वक्त** गुजर जाता है किन्तु किये गये कार्य और उपलब्धि हमें गौरवान्वित करती है। वक्त और समय चलता ही रहता है और किये गये बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य हमेशा लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ यह याद दिलाने का कार्य भी करता है कि अधिकारियों का स्नेह, अपनत्व, समाजसेवी गुरूमुख सिंह खोखर का मान-सम्मान बढ़ाने के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया था। आज से 24 वर्ष पूर्व तत्कालीन पुलिस अधीक्षक बिमल किशोर सिन्हा जब समाजसेवी गुरूमुख सिंह खोखर के पिता स्व0 सरदार खोजा सिंह की स्मृति में हयूमन वेलफेयर सोसाईटी द्वारा उर्दू लाईब्रेरी चाईबासा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था तब पुलिस अधीक्षक उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और समाज सेवी गुरूमुख सिंह खोखर के द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन को काफी बेहतर और पुनित कार्य बताया था। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुत्र के द्वारा पिता की स्मृति में इस प्रकार का जनहित कार्य किया जाना काफी नेक और प्रेरणादायक कार्य है। गौरतलब हो कि आज भी गुरूमुख सिंह खोखर के द्वारा रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और उनके पुरे परिजन की सकारात्मक सहभागिता भी रहती है।

## मुनी बाबा धर्मशाला में आयोजित गणेश पूजा का हुआ विसर्जन



**पश्चिम** सिंहभूम जिला के बहुप्रसिद्ध मुनी बाबा धर्मशाला में आजादी के पूर्व 1946 में प्रारंभ हुए श्री श्री किशोर गणेश संघ के तत्वाधान में आयोजित गणेश पूजा का आज देर शाम विसर्जन के साथ ही ग्यारह दिनों तक चलने वाले इस विशेष पूजा का समापन हो गया। 7 सितम्बर से आरंभ हुए इस गणेशोत्सव का आज ग्यारह दिनों के पश्चात विसर्जन के साथ समापन हुआ। आज संध्या बेला में जैसे ही भगवान गणेश की प्रतिमा वाहन पर चढ़ाया गय उपस्थित श्रद्धालु भक्तजन के आँख भर आयें। सबों ने एक स्वर में भगवान गणेश से यही कामना की गणप×ि बप्पा मोरया अगले बरस तु जल्दी आ। विगत ग्यारह दिनों तक चलने वाले विशेष पूजा अर्चना एवं भोग वितरण तथा शाम को आरती इस स्थल का मुख्य ग्यारह दिनों तक आकर्षण रहा। आज विसर्जन के समय निरंतर पूजा संपन्न कराने वाले प्रकाण्ड विद्वान आचार्य अनन्त पाठक भी भगवान गणेश पूजा के विसर्जन के साथ थें और पुरी विधि विधान के साथ उन्होंने विसर्जन पूजा संपन्न कराया। वहीं आज निरंतर ग्यारह दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव के अवसर पर अवध खिरवाल ने ग्यारह दिनों तक विशेष पूजा अर्चना और श्रद्धालु तथा भक्तजनों के साथ-साथ श्री श्री किशोर गणेश संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया जिनके संपूर्ण सहयोग और योगदान से गणेश उत्सव निरंतर ग्यारह दिनों तक पुरी विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। इस बेहतर पूजा अर्चना में शहरवासियों का सहयोग के लिए भी श्री खिरवाल ने सबों का धन्यवाद किया।



## भगेरिया वाटर प्लांट में भगवान विश्वकर्मा पूजा का हुआ आयोजन

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर-सोनुआ मुख्य मार्ग पर अवस्थित भगेरिया वाटर प्लांट में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर काफी संख्या में कामगार भी मुख्य रूप से शामिल हुए। यही नहीं भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सबसे अलौकिक बात यह रही कि भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख अभिभावक श्रीमती शारदा देवी दादी 104 वर्ष की उम्र में भी इस पूजा अर्चना मे शामिल हुयी और सबों के साथ खुशियां भी बांटी। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के दर्शन करने के पश्चात वे भोग और प्रसाद का अपने हाथों से कामगारों के बीच वितरण कर यह भी संदेश दिया कि हम सब एक ही परिवार के हैं और सामुहिक रूप से सबों का आपसी मिलना जुलना भी ऐसे अवसर पर होता है। कामगार भी दादी के इस असीम स्नेह और अपनत्व से काफी भावुक हुए क्योंकि दादी तो स्वयं व्हील चेयर पर सबों के पास पहुंच रही थी और उनके बीच भोग का वितरण भी कर रही थी। इस अवसर पर उनके पुत्र अस्सी वर्षीय शंभु प्रसाद भगेरिया भी उपस्थित थें। इस मार्मिक दृश्य को वहां उपस्थित लोगों ने देखा तो वो भी भाव विभोर हो उठें। इस अवसर पर बिनोद भगेरिया, मनोज भगेरिया, प्रमोद भगेरिया, प्रदीप भगेरिया उर्फ पुच्चु भगेरिया, डॉ0 शिव पूजन सिंह, सज्जन भगेरिया कोल्हान के प्रख्यात कवि रणविजय कुमार, राजेन्द्र प्रसाद के अलावे काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थें। आज भगेरिया वाटर प्लांट में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कामगारों को पुरूस्कृत करने के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस प्रकार से रामचन्द्रपुर में भगवान विश्वकर्मा पूजा काफी हर्षोल्लास, उमंग और बेहतर माहौल में मनाया गया।

## नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**बरसोल :** देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन के लिए वर्ष 2024 में होने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्वी सिंहभूम के प्राचार्य डॉ जनार्दन सिंह ने कहा कि अभिभावकों की मांग पर नवोदय विद्यालय समिति ने चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में नामांकन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तारीख 23 सितंबर तक विस्तारित कर दी गयी है। इससे पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तरीख 16 जुलाई से 16 सितंबर तक निर्धारित था। अगर आपने भी अब तक अपने बच्चे का रजिस्ट्रेशन नहीं किया है तो आप इन दो वेब एड्रेस पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। वैसे अभ्यर्थी जो वर्तमान सत्र 2023-24 के दौरान पूर्वी सिंहभूम के किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में पढ़ाई कर रहा हो या उत्तीर्ण हो चुका हो। इसके अलावा अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2013 से 31 जुलाई 2015( दोनों तिथियां शामिल) के बीच हुआ हो, ऐसे छात्र-छात्राएं आवेदन के लिए योग्य हैं।